26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 27 जून, 2026
अंक- 243 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# चढ़ावा चोरी की वजह से भंग हो सकता है राम मंदिर ट्रस्ट



**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। ट्रस्ट महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के इस्तीफों ने इसे और बल दिया है। दोनों के इस्तीफे के बाद पहले से रिक्त एक ट्रस्टी पद को मिलाकर ट्रस्ट के तीन महत्वपूर्ण पद खाली हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में वर्तमान ट्रस्ट भंग कर उसके पुनर्गठन की संभावना बन सकती है। फरवरी 2020 में केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया था। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास रहे, जबकि दैनिक प्रशासनिक संचालन और अधिकतर महत्वपूर्ण निर्णयों की

## वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की तरह होगी व्यवस्था

जिम्मेदारी महासचिव चंपत राय संभालते हैं। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र भी ट्रस्ट के प्रमुख निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। दोनों पद रिक्त होने पर ट्रस्ट के संचालन का मौजूदा संतुलन प्रभावित होना स्वाभाविक माना जा रहा है। राम मंदिर में प्रतिदिन करोड़ों रुपये का चढ़ावा, हजारों श्रद्धालुओं का प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, निर्माण कार्य, खरीद, लेखा और मानव संसाधन जैसे कार्य अब अत्यंत व्यापक हो चुके हैं। ऐसे में जवाबदेही, पारदर्शिता और वित्तीय निगरानी को और मजबूत करने के लिए प्रशासनिक ढांचे में बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

**Teachers Required**

**T.G.T.-** English, Maths, Science,
**PRT-** Nursery Teachers All Subjects.
**Atractive salary**
Please Contact with your Testemonials.
between 8:AM to 12:00 Noon
**From 23.6.25 to 30.6.25**

St. John's School, Nai Basti B-14, Bijnor
9927979617, 9837801885

# हरिद्वार में लिखी गई चंपत राय के इस्तीफे की स्क्रिप्ट



चंपत राय के इस्तीफे की स्क्रिप्ट हरिद्वार में 18-19 जून को विश्व हिंदू परिषद की बैठक के दौरान लिखी गई। राम मंदिर के चढ़ावे में हेराफेरी के मामले और साधु-संतों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए, आरएसएस नेतृत्व ने चंपत राय और अनिल मिश्रा से जवाब-तलब किया था। हरिद्वार में 18 और 19 जून को हुई बैठक में साधु-संतों ने राम मंदिर ट्रस्ट के खर्च की जांच की मांग उठाई थी। सूत्रों के अनुसार, आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने चंपत राय से चढ़ावा चोरी की जानकारी ली थी और हिसाब-किताब में हेराफेरी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा कि आप पद छोड़ दो।

**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।
कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404

KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN
FOR SESSION
2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH.
(BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A.
(FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE
LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

## अमेरिका के ईरान पर हमले से पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव

अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर करीब एक घंटे तक हमले किए। अमेरिकी सेना ने मिसाइल-ड्रोन ठिकानों और तटीय रडार साइट्स को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने सीजफायर तोड़ा, इसलिए जवाबी कार्रवाई की गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, 25 जून को ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सिंगापुर के कार्गो शिप 'एमवी एवर लवली' पर ड्रोन हमला किया था। दूसरी ओर, ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी IRNA के मुताबिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की नौसेना ने दावा किया है कि उसने जवाब में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान की संसद के सदस्य इब्राहिम अजीजी ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने एक बार फिर बातचीत के बीच ईरान पर हमला किया है। युद्धविराम का यह उल्लंघन अमेरिका के लिए पीछे हटने और पछतावे की वजह बनेगा।

SB COLLEGE
SBC
NIOS
(Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)
G.J.U., MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years)
ADMISSION OPEN
100% SCHOLARSHIP
6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225

# भाजपा ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पीडीए की काट के लिए अपनाया ओबीसी फॉर्मूला

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा घोषित नई प्रदेश संगठनात्मक टीम ने काशी क्षेत्र से एक बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समीकरण की काट के लिए भाजपा ने ओबीसी फॉर्मूले पर दांव लगाया है। कुछ दिनों पहले ही भाजपा ने वाराणसी के जिलाध्यक्ष के रूप में राम सकल पटेल की नियुक्ति की थी। अब अशोक चौरसिया को काशी क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी नेतृत्व ने काशी क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष दिलीप पटेल को प्रदेश महामंत्री जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर पूर्वांचल के प्रति अपना विशेष विश्वास भी प्रदर्शित किया है। बीएचयू के पूर्व प्रोफेसर एवं राजनीतिक विशेषज्ञ दीपक मलिक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी बड़े फीडबैक के आधार पर संगठनात्मक बदलाव करती है। काशी क्षेत्र और वाराणसी में संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां पिछड़े वर्ग के नेताओं को सौंपना बड़ा राजनीतिक संकेत है।

उनका मानना है कि पार्टी को ओबीसी वर्ग के समाजवादी पार्टी की ओर झुकाव का फीडबैक मिला होगा, इसलिए संगठन में पिछड़े वर्ग के नेताओं को प्रमुख



जिम्मेदारियां दी गई हैं। भाजपा शोध और जमीनी रिपोर्ट के आधार पर कार्य करने वाली पार्टी है। प्रदेश संगठन में ये नियुक्तियां ऐसे समय हुई हैं, जब भाजपा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव और वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि संगठनात्मक क्षमता, सामाजिक स्वीकार्यता और जमीनी पकड़ रखने वाले नेताओं को आगे बढ़ाकर भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति का स्पष्ट संकेत दिया है। विशेष रूप से दिलीप पटेल की नियुक्ति को संगठन में उनके सफल कार्यकाल का प्रतिफल माना जा रहा है। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान और विभिन्न चुनावों में पार्टी को मजबूत करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय, मधुर व्यवहार और स्वच्छ राजनीतिक छवि को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश महामंत्री जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के भीतर इसे काशी क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पीडीए की काट के लिए भाजपा ने ओबीसी ब्लूप्रिंट तैयार किया है। जिले और काशी क्षेत्र में ओबीसी वर्ग पर विशेष ध्यान दिया गया है। पहले वाराणसी महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरी, जिलाध्यक्ष राम सकल पटेल और अब काशी क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया तथा दिलीप पटेल को प्रदेश महामंत्री बनाकर भाजपा काशी और पूर्वांचल को साधने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है।

## ताइक्वांडो ट्रेनिंग एकेडमी के 15 वर्ष पूर्ण होने पर किया शर्बत वितरण

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग एकेडमी के सफलतापूर्वक 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में



एकेडमी द्वारा भीषण गर्मी से राहत दिलाने हेतु राहगीरों एवं यात्रियों के लिए शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकेडमी के कोच रिंकू वर्मा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी, खिलाड़ी एवं टीम सदस्यों ने लोगों को शर्बत वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमी के अध्यक्ष अधिराज राठी व उपाध्यक्ष मीनाक्षी चैधरी का विशेष सहयोग रहा। मुख्य अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला प्रभारी रणवीर सिह निराला ने कार्यक्रम में सहभागिता कर एकेडमी के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की। कोच रिंकू वर्मा ने कहा कि खेलों के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना भी प्रत्येक खिलाड़ी का कर्तव्य है। सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने यह कार्य सराहनीय बताया।

## आतिफ़ अंसारी ने की अखिलेश यादव से मुलाक़ात



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफीक अंसारी के सुपुत्र आतिफ़ अंसारी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर मुलाक़ात कर उनसे आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नजीबाबाद विधानसभा के बारे में चर्चा की। अखिलेश यादव ने सभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आव्हान किया।

## निर्जला एकादशी पर शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। ओम श्री महाकाल सेवा ट्रस्ट द्वारा निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी में लोगों ठंडा शर्बत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर ओम श्री महाकाल सेवा के द्वारा पिछले 2 वर्षों से लगातार माल गोदाम तिराहा के पास धन वर्षा परिसर शर्बत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन



अग्रवाल ने फीता काटकर शर्बत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट संस्थापक अनुज कुमार शर्मा, श्रीमती इंदु राजपूत, श्रीमती सोनी शर्मा, पूजा शर्मा, अंकित राजपूत, राजीव टंडन, विनय राजपूत, जगदीश शर्मा, सुधीर अग्रवाल, अक्षय रोहिल्ला, आशुतोष टॉक, दीपक गुप्ता, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत आपूर्ति 8 घंटे बाधित रहने से मचा हाहाकार

**शेरकोट ( चिंगारी )।** शुक्रवार को नगर में निकल गया ताजियों का जुलूस और अखाड़ों के कारण भीषण गर्मी में नगर की विद्युत आपूर्ति 8 घंटे बंद रहने से भीषण गर्मी में हाहाकार मच गया। जुलूस शुरू होने पर कल शाम पांच बजे से नगर की विधुत आपूर्ति बंद कर दी गई थी जो अखाड़े खत्म होने के बाद देर रात एक बजे शुरू की गई। भीषण गर्मी के कारण बिजली ना होने से बड़े और बच्चे बिल बिला उठे। अधिकतर लोगों के घरों में लगे इंवर्टर तक जवाब दे जाने से बस्ती में अंधेरा छाया रहा और घरों से छोटे बच्चों के रोने की आवाजें सुनाई देती रही। बिजली ना आने से परेशान लोग बार बार विद्युत विभाग के अधिकारियों और पुलिस को फोन कर विद्युत आपूर्ति शुरू कराने की मांग करते रहे। देर रात जुलूस समाप्त होने पर लगभग आठ घंटे बाद विधुत आपूर्ति शुरू होने पर लोगों ने कुछ राहत की सांस ली, परंतु फिर एक दम से ओवर लोड की समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण कई स्थानों पर तार टूटने और बार बार ट्रिपिंग की समस्या हो जाने से रात भर लोगों की नींद हराम रही। बिजली गायब रहने से पानी की समस्या भी उत्पन्न हो गई, जिसकारण लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ा। विधुत विभाग के जेई मुईनुद्दीन ने बताया कि लोगों के घरों में लगे उपकरण एक साथ चलने से बनी ओवर लोड की समस्या के विधुत संकट उत्पन्न हुआ था। जिसे दूर करा दिया गया है।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट

कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump

Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor

246701 Ph- 9240083911

# 50 साल मंदिर को दिये, अब बदनाम किया जा रहा

## इस्तीफे की चर्चा के बीच बोले चंपत राय के भाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे की चर्चाओं के बीच उनके छोटे भाई सुनील बंसल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्हें इस्तीफे की जानकारी सिर्फ टीवी चैनलों के जरिए मिली है और आधिकारिक तौर पर उन्हें इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उनके मुताबिक, चंपत राय के खिलाफ जो माहौल बनाया जा रहा है, वह विपक्ष और कुछ ऐसे लोगों की साजिश का हिस्सा है जो उन्हें हटाकर ट्रस्ट पर कब्जा करना चाहते हैं। सुनील बंसल ने कहा कि चंपत राय ने अपना 50 साल से अधिक का जीवन राम मंदिर आंदोलन और मंदिर के कार्यों को समर्पित किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास निजी संपत्ति के नाम पर सिर्फ एक थैला है। उन्होंने उनकी तुलना उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करते हुए कहा कि उन्होंने भी व्यक्तिगत जीवन से दूरी बनाए रखी है। उन्होंने बताया कि चंपत राय का परिवार से भी बहुत कम संपर्क रहा है। उनके अनुसार, वर्ष 2014 में वह केवल दो घंटे के लिए अपने भतीजे की शादी में शामिल होने आए थे। इसके बाद से उनका परिवार से लगभग कोई संपर्क नहीं रहा और बातचीत भी बहुत कम होती है।



# तीन दिन तक लू से राहत नहीं, 30 से बदलेगा मौसम का मिजाज

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के 33 जिलों में आज 27 जून को तथा 26 जिलों में 28 और 29 जून को लू चलने की चेतावनी जारी की है। हालांकि इसके बाद मौसम में बदलाव के संकेत हैं और अधिकतम तापमान में छह से नौ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है। मौसम केंद्र, लखनऊ द्वारा शुक्रवार शाम जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद मानसूनी गतिविधियां बढ़ने के साथ तापमान में छह से नौ डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान में पांच से सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। विभाग के अनुसार शुक्रवार को लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, अमेठी, गोरखपुर, बलिया और वाराणसी सहित कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया।

# जीजा ने की साले की चाकू से गोदकर हत्या

**किरतपुर ( चिंगारी )।** बहनोई ने साले की सोते समय चाकू से गोदकर हत्या कर दी। परिवार वालों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम भनेड़ा निवासी सचिन (23) वर्ष पुत्र अवतार व उसका बहनोई शील पुत्र कलवा ग्राम रामपुर थाना कोतवाली देहात छत पर सो रहे थे। रात करीब दो बजे सचिन की चीख सुनकर परिजन ऊपर छत पर पहुंचे तो शील सचिन पर चाकू से वार कर रहा था। परिवार वालों ने शील को पकड़ लिया और 112 नंबर पर सूचना दे दी। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिवार वालों ने हत्यारोपी बहनोई को पुलिस को सौंप दिया। गांव वालों ने बताया कि सचिन का बहनोई कई वर्षों से अपनी ससुराल में रहता था। शील मजदूरी करता था और उसकी पत्नी किसी फैक्ट्री में काम करती थी। इसको लेकर शील नाराज रहता था, जबकि सचिन अपनी बहन का पक्ष लेता था, कल शाम इसी बात को लेकर साले-बहनोई में कहासुनी हुई थी और फिर थोड़ी देर बाद छत पर जाकर सो गए थे। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि मृतक की मां की तरफ से तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और अग्रिम कार्रवाई जारी है।





# रेत से भरा डंपर सीज किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को खनन विभाग की टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम कसौर में रेत से भरे एक डंपर को पकड़कर सीज कर दिया। जांच के दौरान वाहन चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद नियमानुसार चालान एवं अन्य विधिक कार्रवाई की गई।

चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार जिला खनन अधिकारी (डीएमओ) के निर्देशन में टीम क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान ग्राम कसौर के पास रेत से भरे एक डंपर को रोककर उसके अभिलेखों की जांच की गई। जांच में वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए गए, जिस पर विभागीय टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया। खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या वाहन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस संबंध में एआरटीओ अंबुज कुमार ने कहा कि खनिजों का परिवहन केवल वैध अनुमति एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। परिवहन संबंधी नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





**भली लगे या बुरी ...**

## सड़कों की भेंट चढ़ती खेती की भूमि

चाहे केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकारें, जमीनी सवालों के जवाब की जगह उनसे बचने की कोशिश कर रही हैं। भू उपयोग, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, महंगी शिक्षा व चिकित्सा और नौकरशाही को जवाबदेह बनाने जैसे कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समाधान बहुत जरूरी है। गंगा और यमुना का दोआब सदियों से देश की खेती की रीढ़ रहा है। यहां की जमीन सोना उगलती है, लेकिन विकास के नाम पर इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खेती की जगह कंक्रीट के जंगल रोप दिए गए। भू-मालिकों को मुआवजा बांट दिया गया और हजारों बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी गई। इससे पहले सिंगूर, नंदीग्राम, पास्को, जैतपुर, भट्ठा पारसौल आदि जगहों पर भी विकास के नाम पर पिछली सरकार ने उपजाऊ जमीनें मिट्टी मोल ली थीं। फिलहाल देश में स्पेशल इकोनॉमिक जोन और बड़े पैमाने पर फोर लेन, सिक्स लेन हाईवे और एक्सप्रेस-वे बनाए जा रहे हैं। सड़क, पुल, कॉलोनी-सभी के लिए जमीन चाहिए, वह भी ऐसी जिस पर किसान का हल चलता हो। एकबारगी लगता है कि क्या हमारे देश में जमीन की इतनी कमी हो गई है, जो आधुनिकीकरण की योजनाओं के नाम पर देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार रहे खेतों को ही उजाड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है? विकास के नाम पर जमीन को सहेजने का काम कर रहे किसान के खेत पर सभी की नजर लगी हुई है। उपजाऊ जमीन पर सड़कों से लेकर हवाई अड्डे तक बन रहे हैं। महानगरों की बढ़ती संख्या की रिहाइश के लिए बनाई जा रही बहुमंजिली इमारतें इसकी गवाह हैं। कारखानों के लिए जमीन जुटाने की फिराक में जब खेतों को उजाड़ा जाता है तो लोगों का गुस्सा भड़कता है। भड़कना भी चाहिए। सरकार भले ही हाईवे और एक्सप्रेस-वे की गिनती और उनकी उपयोगिता बताकर विकास की गुलाबी तस्वीर पेश कर रही हो, लेकिन यह कड़वी सच्चाई है कि सड़कों के नाम पर खेती की भूमि तथाकथित विकास की भेंट चढ़ रही है, जिसका आने वाला समय में गंभीर दुष्परिणाम जनता को भुगतने पड़ सकते हैं। किसान को मुआवजा देकर सरकार अपने कर्तव्य की इतिश्री भले ही कर ले, लेकिन आने वाला समय वर्तमान पीढ़ी, विशेषकर नीति निर्माताओं और सत्तादां से सवाल जरूर करेगा।

# जब व्यवस्था सोती है, तब देश का भविष्य जलता है

# एक हादसा नहीं, देश के भविष्य की हत्या

**इस त्रासदी का सबसे दुखद पक्ष यह है कि हमारे यहां प्रशासनिक सक्रियता अक्सर तब दिखाई देती है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। हादसे के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, एफआईआर दर्ज होती है, निलंबन और गिरफ्तारियां होती हैं तथा अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई की घोषणाएं होती हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि जब वह भवन संचालित हो रहा था, जब वहां प्रतिदिन सैकड़ों छात्र आ-जा रहे थे, तब सुरक्षा मानकों की निगरानी क्यों नहीं की गई? यह कोई पहली घटना नहीं है।**



▶▶ प्रकाश पंकज
शिक्षक हल्दौर

लखनऊ के अलीगंज में 22 जून 2026 को हुई भीषण अग्नि त्रासदी केवल एक दुर्घटना नहीं है। यह उन सपनों की चिता है, जिन्हें माता-पिता अपने त्याग, संघर्ष और उम्मीदों से वर्षों तक सींचते हैं। कुछ ही मिनटों में आग की लपटों ने कम से कम 15 युवाओं की जिंदगी निगल ली। वे केवल आंकड़े नहीं थे, बल्कि 15 परिवारों की धड़कन, 15 घरों के चिराग और देश के भविष्य की आशाएं थे। किसी मां ने अपने बेटे को सफल होते देखने का सपना संजोया होगा, किसी पिता ने अपनी आवश्यकताओं में कटौती कर उसकी पढ़ाई का खर्च उठाया होगा। आज वे सभी सपने राख में बदल चुके हैं। सबसे पीड़ादायक प्रश्न यह है कि क्या कोई सरकार, कोई अधिकारी या कोई विभाग उन माता-पिता को उनका नौनिहाल वापस लौटा सकता है? इसका उत्तर स्पष्ट है-कभी नहीं।

इस त्रासदी का सबसे दुखद पक्ष यह है कि हमारे यहां प्रशासनिक सक्रियता अक्सर तब दिखाई देती है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। हादसे के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, एफआईआर दर्ज होती है, निलंबन और गिरफ्तारियां होती हैं तथा अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई की घोषणाएं होती हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि जब वह भवन संचालित हो रहा था, जब वहां प्रतिदिन सैकड़ों छात्र आ-जा रहे थे, तब सुरक्षा मानकों की निगरानी क्यों नहीं की गई? यह कोई पहली घटना नहीं है। 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड से लेकर 2004 के कुंभकोणम स्कूल हादसे, 2019 के सूरत कोचिंग सेंटर अग्निकांड, दिल्ली के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में लगी आग, 2024 के बेबी केयर सेंटर हादसे और राजकोट गेम ज़ोन दुर्घटना तक अनेक त्रासदियां हमें चेतावनी देती रही हैं। हर बार संवेदनाएं व्यक्त की गईं, दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन व्यवस्था में अपेक्षित परिवर्तन दिखाई नहीं दिया।



सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि देशभर में हजारों कोचिंग सेंटर, कंप्यूटर संस्थान, लाइब्रेरी, हॉस्टल और प्रशिक्षण केंद्र आज भी अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ संचालित हो रहे हैं। अनेक स्थानों पर अग्निशमन यंत्र केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं, आपातकालीन निकास अवरुद्ध रहते हैं और सुरक्षा ऑडिट कागजी कार्यवाही तक सीमित दिखाई देते हैं। ऐसे में कोई भी छोटी चूक बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती है।

इस घटना में जिम्मेदारी तय करना आवश्यक है। यदि संस्थान संचालकों ने लाभ कमाने के लिए सुरक्षा नियमों की अनदेखी की, तो वे दोषी हैं। यदि संबंधित अधिकारियों ने निरीक्षण नहीं किया या नियमों के उल्लंघन को नजरअंदाज किया, तो उनकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। कानून बनाना पर्याप्त नहीं होता; उनका प्रभावी क्रियान्वयन ही नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। सरकार और प्रशासन की भूमिका यहां सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। सामान्य नागरिक किसी भवन का तकनीकी निरीक्षण नहीं कर सकते, न ही अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच कर सकते हैं। यह दायित्व उन विभागों का है जिन्हें जनता की सुरक्षा के लिए स्थापित किया गया है। यदि निरीक्षण नियमित हों, सुरक्षा मानकों का कठोरता से पालन कराया जाए और उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई हो, तो ऐसी अनेक घटनाओं को रोका जा सकता है।

लखनऊ की यह त्रासदी हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि विकास केवल इमारतें खड़ी करने से नहीं होता, बल्कि उनमें उपस्थित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से होता है। किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा पीढ़ी होती है। जब लापरवाही, भ्रष्टाचार या नियमों की अनदेखी के कारण युवाओं की जान जाती है, तो उसका नुकसान केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरा समाज और राष्ट्र उठाता है।

इसीलिए ऐसी घटनाओं में जवाबदेही केवल औपचारिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यदि जांच में यह सिद्ध हो कि जानबूझकर की गई लापरवाही, भ्रष्टाचार या सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण निर्दोष लोगों की मृत्यु हुई है, तो कानून के अंतर्गत उपलब्ध कठोरतम दंड लागू किए जाने चाहिए। दंड का उद्देश्य केवल अपराधियों को सजा देना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना भी होना चाहिए। अलीगंज की राख से उठता सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या हमें हर बार किसी नई त्रासदी के बाद ही सुरक्षा की याद आएगी? यदि इसका उत्तर 'नहीं' है, तो अब समय केवल शोक व्यक्त करने का नहीं, बल्कि व्यवस्था में वास्तविक सुधार लाने का है। मृतकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि आंसू बहाने में नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था स्थापित करने में है, जहां सुरक्षा नियम कागजों तक सीमित न रहें, निरीक्षण नियमित हों और किसी परिवार को अपने सपनों की अर्थी न उठानी पड़े, क्योंकि जब सपने जल जाते हैं, तब जागने का कोई अर्थ नहीं रह जाता।

## जब-जब व्यक्ति गलत काम करेगा, उसके जीवन में अशांति आएगी

**प्रेरक-प्रसंग**

वेद व्यास जी ने वेदों का संपादन किया, सभी पुराण और महाभारत की रचना की थी। उन्होंने एक बार सनत कुमार जी से पूछा, मनुष्य को कभी-कभी तकलीफ उठानी पड़ती है, उसके आसपास का वातावरण ऐसा हो जाता है, जैसे नर्क हो। ऐसा क्यों होता है? सनकादिक यानी सनत कुमार जी ने कहा, चार प्रकार के पाप ऐसे हैं, जो अधिकतर इंसान करते हैं। मानसिक यानी मन ही मन किसी के लिए गलत सोच लेना। वाचिक यानी गलत बोलना, गंदी बातें कहना। शारीरिक यानी दूसरों के प्रति हिंसा करना। चौथा पाप है अपने माता-पिता, गुरु और बड़े लोगों की निंदा करना। इन चार पापों के अलावा एक और पाप है नशा करना, चोरी करना और सम्मानीय स्त्री के लिए गलत भावना रखना। जब-जब व्यक्ति ऐसे पाप करता है, तब-तब उसके परिणाम में व्यक्ति के आसपास का वातावरण इतना अशांत हो जाएगा कि जीवन उसे नर्क लगने लगता है। सीख- व्यास के प्रश्न पर सनत कुमार जी ने जो बात कही है, उसका संदेश ये है कि हम अपने ही गलत कामों से अशांत रहते हैं। जब हम अच्छे काम करते हैं तो हमें शांति मिलती है यानी स्वर्ग मिलता है। जब हम गलत काम करते हैं तो अशांति मिलती है यानी हमें नर्क भोगना पड़ता है।

# इंटरनेशनल मार्केट में पहुंची उत्तराखंड की मछली

## राज्य बनने के बाद पहली बार पांच मीट्रिक टन रेनबो ट्राउट मछली का निर्यात

-एस पी अरोड़ा

**देहरादून ( चिंगारी )।** राज्य निर्माण के बाद पहली बार उत्तराखंड की मछली इंटरनेशनल मार्केट में पहुंची है। पिथौरागढ़ जिले की तीन सहकारी समितियों ने राज्य सरकार के सहयोग से नेपाल को पांच मीट्रिक टन मछलियां सप्लाई की हैं। अच्छी खबर ये भी है कि उत्तराखंड आने वाले दिनों में करीब 30 टन मछलियों के निर्यात की तैयारी कर रहा है। राज्य सचिवालय के मीडिया सेंटर में शुक्रवार को मत्स्य विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़ के धारचूला एवं मुनस्यारी क्षेत्र की तीन मत्स्य जीवी सहकारी समितियों ने ये मछलियां तैयार की थीं। कोल्ड-चेन बनाए रखते हुए मछली को गुजरात के वेरावल भेजा गया, जहां प्रसंस्करण के बाद 23 जून 2026 को नेपाल के अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसका सफलतापूर्वक निर्यात किया गया। इससे 33 मत्स्य पालकों को लगभग 23.50 लाख की आय प्राप्त हुई है। कैबिनेट मंत्री के अनुसार-उत्तराखंड के इस पहले निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु मत्स्य विभाग ने हार्वेस्टिंग, पैकेजिंग एवं परिवहन के लिए 5.40 लाख की गैप फंडिंग सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि दुबई में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो के दौरान



अंतराष्ट्रीय खरीदारों एवं हितधारकों से स्थापित संपर्कों का यह सकारात्मक परिणाम है। विभाग अब यूरोप, मध्य-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य बाजारों में भी निर्यात की संभावनाओं पर कार्य कर रहा है। इस क्रम में आने वाले दिनों में करीब 30 टन मछली का निर्यात विदेशों में किए जाने की तैयारी की जा रही है। विभागीय मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि वर्ष 2022 तक जहां राज्य में मात्र 10,011 मत्स्य पालक थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 15,657 हो गई है। इनमें 3,584 महिला मत्स्य पालक शामिल हैं। मत्स्य उत्पादन वृद्धि दर वर्ष 2012-17 में जहां मात्र दो प्रतिशत थी, वह बढ़कर वर्ष 2022-26 में 11 प्रतिशत हो गई है। वर्ष 2026-27 में राज्य अंतर्गत 11,805 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन हुआ, जिसका मूल्य लगभग रुपये 165 करोड़ है। मंत्री ने बताया कि मत्स्य विभाग का वार्षिक बजट वर्ष 2021-22 में 55.76 करोड़ से बढ़ कर वर्ष 2026-27 में रुपये 261.41 करोड़ हो गया है। पिछले चार वर्षों में मत्स्य पालन क्षेत्र में 5,646 मत्स्य पालकों हेतु स्वरोजगार के अवसर सृजित किए गए। विभाग में 33 नियमित नियुक्तियां की गई हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में निदेशक मत्स्य चंद्र सिंह धर्मशक्तू भी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के मामले में मनरेगा ऑपरेटर को पद से हटाया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय में भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के खिलाफ प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। खंड विकास अधिकारी ने त्वरित रुख अपनाते हुए मनरेगा ऑपरेटर को तत्काल प्रभाव से उनके पद और सभी विभागीय कार्यों से कार्यमुक्त कर दिया है। ऑपरेटर पर भ्रष्टाचार, अवैध रूप से कार्य करने, कर्तव्य में घोर लापरवाही और शासकीय स्टाफ को धमकी देने जैसे गंभीर आरोप पाए गए हैं। खण्ड विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून 2026 को मनरेगा ऑपरेटर को एक नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में उस पर बिंदुवार आठ गंभीर आरोप लगाते हुए तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया था। परंतु, निर्धारित समयावधि के बाद भी लगभग 10 दिन व्यतीत होने के बाद भी ऑपरेटर द्वारा उक्त आरोपों के संबंध में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, वह अपनी नियुक्ति या अनुबंध से जुड़े वैध दस्तावेज भी कार्यालय में प्रस्तुत करने में विफल रहे, जिससे स्पष्ट होता है कि वह अवैध रूप से इस पद पर कार्य कर रहे थे। इसी के मद्देनजर बुधवार से उन्हें मनरेगा के समस्त कार्यों से पूर्णत हटा दिया गया। प्रशासन ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए सख्त चेतावनी भी जारी की है। आदेश में निर्देशित किया गया है कि यदि कार्यमुक्ति के बाद ऑपरेटर द्वारा कार्यालय के किसी भी कार्य, कंप्यूटर प्रणाली अथवा विभागीय अभिलेखों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया, तो इसे एक गंभीर आपराधिक कृत्य माना जाएगा। ऐसी स्थिति में प्रशासन द्वारा उनके विरुद्ध सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत तत्काल प्राथमिकी (एफआईआर) पंजीकृत कराकर कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मोहर्रम पर ठंडे शर्बत के कैम्प का आयोजन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला महासचिव एवं कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी द्वारा मौहल्लावासियों के सहयोग से भीषण गर्मी को देखते हुए मोहर्रम के पवित्र त्यौहार के अवसर पर ठन्डे शर्बत के एक कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों राहगीरों को शर्बत पिलाकर गर्मी से निजात दिलाने का प्रयास किया गया। इस सेवा भाव में उनका सहयोग करने वालों में शहजाद, दिलशाद खान, रईस एहसान मिस्त्री आदि शामिल रहे।

## सूचना

पहले मेरा नाम Ruby था अब मैंने अपना नाम बदलकर Ruby Khan रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये। -Ruby Khan W/o Mohd Shahvej Village Fajalpur Khas Po-Fajalpur Habib, Bijnor 246763

## दो बाइकों की भिड़ंत में झिलमिला के जसवीर की मौत

नगीना ( चिंगारी )। राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर दो बाइकों की भिड़ंत में नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम झिलमिला निवासी 40 वर्षीय जसवीर की मौत हो गई। शुक्रवार की शाम करीब 4:30 बजे नगीना देहात थाना क्षेत्र की ग्राम जिले में झिलमिला निवासी 40 वर्षीय जसवीर अपनी बाइक से धामपुर की दिशा से नगीना की तरफ आ रहा था। बताया जाता है कि जब उसकी बाइक रास्ते में ग्राम मंझेड़ा व पुरैनी के बीच एक पेट्रोल पंप की करीब पहुंची तो पीछे से आ रही एक बाइक से टक्कर हो गई। इस घटना में जसवीर सड़क पर गिर गया तथा गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से घायल जसवीर को नगीना के सरकारी अस्पताल लाया गया जिला जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना में दूसरे बाइक सवार नगीना के मोहल्ला सय्यदवाड़ा निवासी उवैस ( 40वर्ष ) को जब इलाज के लिए नगीना अस्पताल लाया गया तो मृतक के परिजनों का गुस्सा उस पर फूटने लगा। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस उसे हिरासत में थाने ले गई। जसवीर की मौत के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से काफी देर तक सरकारी अस्पताल में भारी पुलिस बल की तैनाती रही।

## बिजली के तारों में फाल्ट होने से मची अफरा-तफरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के आदर्शनगर में मुख्य मार्ग पर भीषण गर्मी व ओवरलोड के चलते बिजली के तारों में फाल्ट होने से अफरा-तफरी मच गई। मार्ग के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन के तारों में फाल्ट के बाद स्पार्किंग उठने व चिंगारियां निकलने से कुछ समय के लोग क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। घटना स्थल के आसपास के दुकानदारों व अन्य लोगों ने वहां से हटकर अपनी सुरक्षा की।

## युवाओं की टीम ने नेशनल हाईवे पर शर्बत का वितरण किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी को देखते हुए नेशनल हाईवे पर शर्बत वितरण कर राहगीरों की खिदमत की। युवा टीम ने जीवन सराय नेशनल हाईवे पर शर्बत का वितरण कर राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाई। इस मौके पर शेख मोहम्मद हिफज़ान, शेख मोहम्मद शाकिर, शेख मोहम्मद रहबर, शेख मोहम्मद वसीम, शेख अब्दुसुब्हान, शेख मोहम्मद फैज़ी, शेख मोहम्मद आसिम, शेख मोहम्मद ताइब मौजूद रहे।

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts

Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272 9412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# हरित क्रांति की पावन भूमि पंतनगर में आकर धन्य हुए: शिवराज

## पंतनगर में आयोजित दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन का शुभारंभ



**उधमसिंहनगर (चिंगारी)।** पंडित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे हरित क्रांति की पावन भूमि पंतनगर में आकर धन्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय भारतीय कृषि के इतिहास का गौरवशाली केंद्र है, जिसने देश को वैज्ञानिक, नीति-निर्माता, कृषि उद्यमी तथा उत्कृष्ट मानव संसाधन प्रदान कर कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड देश ही नहीं, बल्कि विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनने की ओर अग्रसर है।

चौहान ने पंतनगर विश्वविद्यालय को परंपरा, आधुनिकता और अनुसंधान का त्रिवेणी संगम बताते हुए कहा कि देश आज लगभग 377 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन कर रहा है। देश के अन्न भंडार पूरी तरह भरे हुए हैं तथा चावल उत्पादन में भारत, चीन को पीछे छोड़कर विश्व में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पारंपरिक फसलों के संरक्षण पर बल देते हुए फल एवं विविध कृषि उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। इससे पहले, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर संग्रहालय एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हरित क्रांति की जननी पंतनगर विश्वविद्यालय में उपस्थित सभी अतिथियों एवं पूर्व छात्रों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, त्रिलोक सिंह चीमा, बंशीधर भगत, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, हुकम सिंह कुंवर, रणजीत सिंह नामधारी, सचिव डॉ. एस. एन. पांडे, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, कुलसचिव दीपा विनय सहित अनेक अधिकारी एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# रणजीत नंदा की स्मृति में स्टाल लगाया भीषण गर्मी में राहगीरों को शर्बत पिलाया



**धामपुर (चिंगारी)।** सत्य धाम धर्मशाला योग समिति द्वारा समिति की उपाध्यक्ष सुनीता नंदा के पति श्री रणजीत सिंह नंदा की स्मृति में टीचर्स कॉलोनी में छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर सुनीता नंदा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यह मानकर सबको शरबत पिलाया गया। उदघाटन समिति के संरक्षक गजराज सिंह, डॉक्टर एनपी सिंह एवं डॉक्टर आदित्य अग्रवाल ने फीता काटकर किया गया। समिति के अध्यक्ष धर्मेश कुमार ने बताया कि श्री नंदा की स्मृति में कई वर्ष से इसी स्थान पर जून माह में छबील का आयोजन किया जाता है। आयोजन में सुनीता नंदा शिवम नंदा, संधि नंदा, जगदीश सिंह, शिव कुमार सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह, मगनदेई, राम सिंह सैनी, अनीता, दिनेश जैन, उमा देवी, श्रीमती ममता शर्मा, श्रीमती शिक्षा चौहान आदि का सहयोग रहा।

# शिक्षा मूल अधिकार विषय पर साक्षरता शिविर आयोजित

**धामपुर (चिंगारी)।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माह जून के एक्सन प्लान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बिजनौर के निर्देशानुसार शिक्षा मूल अधिकार विषय पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन मौहल्ला लोहियान में किया गया। इस अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवक जयवीर सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21ए के तहत अधिनियम नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था है। बिना शुल्क के प्राथमिक शिक्षा पूरी करने का अधिकार है। बच्चों को कक्षा-8 तक नही रोका जा सकता है। यदि बच्चा फेल हो जाता है तो उपचारात्मक शिक्षा देकर पुन: परीक्षा का अवसर दिए जाने का प्रावधान है। शारिरिक दंड और मानसिक उत्पीड़न पर सख्त प्रतिबंध है। शिविर में पी.एल.वी. राजीव कुमार, सोनम, अनामिका, सना, मौ. नाजिम, नीम, मुकुल, सरोज, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम व सीओ ने किया कोचिंग सेन्टरों का निरीक्षण

## संचालकों को अग्निकांड से बचने के उपाय भी बताये



**धामपुर (चिंगारी)।** लखनऊ स्थित कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद मुख्यमंत्री द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार की शाम उप जिला अधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा और पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में अग्निशमन विभाग द्वारा नगर के पांच कोचिंग सेंटरों की चैकिंग की गई। चैकिंग अभियान के दौरान अग्निशमन विभाग के एफएसएसओ दीपक चौधरी, फायरमैन मुंशी राजकुमार व राहुल सैनी, लेखपाल अंजलि त्यागी आदि ने सीईसी कंप्यूटर सेंटर, दृष्टि कोचिंग सेंटर क्षत्रिय नगर, विद्यापीठ लाइब्रेरी पंजाबी कॉलोनी, चाणक्य कोचिंग सेंटर नगीना चौराहा और चंद्रा लाइब्रेरी आरएसएम तिराहा का निरीक्षण किया। तथा उन्होंने अग्निशमन यंत्रों तथा छात्रों के आने और जाने के मार्गो का निरीक्षण किया तथा कोचिंग सेंटरों के मानकों की जांच भी की गई। निरीक्षण के दौरान कोचिंग सेंटर संचालकों को अग्निकांड से बचने के उपाय भी बताए गए।

# बेस अस्पताल खुद हो रहा बीमार स्वास्थ्य सेवाओं में शीघ्र किया जाये सुधार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** बेस अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और अव्यवस्थाओं पर नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि बेस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जाना चाहिए। यहां जारी संयुक्त बयान में मंच अध्यक्ष सी पी नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। अस्पताल में कई मशीनें कार्य नहीं कर रही हैं साथ ही कई मशीनों को चलाने के लिए आपरेटर ही नहीं हैं। कहा कि मंच द्वारा लिथोट्रिप्सी मशीन को ठीक कराने के लिए मानवाधिकार आयोग, जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों और तकनीकी कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति, खराब पड़ी मशीनों की मरम्मत और आयु सीमा पूरी कर चुकी पुरानी मशीनों के स्थान पर नई मशीनें स्थापित करने सहित फिजीशियन, कार्डियोलॉजिस्ट और तकनीकी स्टाफ की तैनाती की मांग को लेकर मंच का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही विधानसभा अध्यक्ष व स्वास्थ्य मंत्री से मिलेगा।

## नागरिक मंच की मांग

# मुहर्रम के जुलूस में आग पर चलकर मातम किया



**धामपुर (चिंगारी)।** समीपवर्ती ग्राम रसूलपुर इम्मा में मोहर्रम की 10 तारीख को मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना गुलज़ार हैदर रिजवी ने खिताब करते हुए कर्बला के शहीद हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत बयान की। मौलाना ने फरमाया के हजरत इमाम हुसैन ने दीन इस्लाम को बचाने के लिए अपने परिवार की कुर्बानी दी। देश की कर्बला के शहीदों की शहादत सुनकर शिया समुदाय के लोग फूट-फूट कर रोने लगे। मजलिस के बाद अंजुमन सेक्रेटरी जहीर अब्बास के नेतृत्व में अंजुमन ने नोहाख्वानी और आग पर चलकर मातम किया। जुलूस में मरसिया और नोहा नुसरत अली, तस्लीम हैदर, फैज धामपुरी, आरिफ रसूलपुरी, अरहान जैदी ने की। अंजुमन के लोग सर से काली पट्टी बांधकर नंगे पैर चलकर या हुसैन या हुसैन के नारे लगा रहे थे। जुलूस इमामबाड़ा से शुरू हुआ और हुसैनी चौक से होते हुए कर्बला में पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस के आयोजन में पूर्व ग्राम प्रधान अनीस जैदी, कैसर अब्बास, आले हसन, इंतखाब जैदी, अली हसन, असद जैदी, इसरार, सलमान जैदी, वली हसन, मोहम्मद अब्बास आदि का योगदान रहा। जुलूस के दौरान पूर्व राज्यमंत्री मूलचंद चौहान भी उपस्थित रहे।

# एसटीएफ ने किया फर्जी शस्त्र लाइसेंस के जरिए करोड़ों की संपत्ति खड़ी करने का खुलासा

## 25 हथियार सप्लायरों से 40 अवैध शस्त्र और 483 अवैध कारतूस बरामद




**देहरादून ( चिंगारी )। उत्तराखंड एसटीएफ ( स्पेशल टास्क फोर्स ) की जांच में फर्जी शस्त्र लाइसेंस के जरिए करोड़ों की संपत्ति खड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। बीते 6 महीने के अंदर उत्तराखंड पुलिस ने 25 हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार किया है, जिनमें पास के करीब 40 अवैध शस्त्र और 483 कारतूस बरामद किए हैं।**

जानकारी के अनुसार एसटीएफ उत्तराखंड की अवैध हथियारों के नेटवर्क के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। एसटीएफ ने पिछले 6 महीने में 25 हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 40 अवैध शस्त्र और 483 कारतूस बरामद किए हैं। बरामद हथियारों में 21 पिस्टल, 10 तमंचे, पंच ऑटोमैटिक पंप एक्शन गन, दो राइफल और दो रिवाल्वर शामिल हैं। एसटीएफ ने साल 2026 के शुरू से ही राज्य में अवैध हथियार रखने और खरीद-फरोख्त करने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है। एसटीएफ की अलग-अलग टीमें इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई हैं, जिसके बाद महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त हुई हैं, वहीं अवैध हथियारों का दूसरा और ज्यादा खतरनाक चेहरा फर्जी शस्त्र लाइसेंस हैं।

एसटीएफ की जांच में खुलासा हुआ कि फर्जी लाइसेंस तैयार कर हथियारों की खरीद-फरोख्त का संगठित नेटवर्क वर्षों से सक्रिय था। एसटीएफ के मुताबिक इस गिरोह ने फर्जी लाइसेंस के जरिए करोड़ों रुपए की संपत्ति बनाई है। जांच का दायरा अब उत्तराखंड से बाहर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब तक पहुंच चुका है। एसटीएफ की मानें तो शुरुआती जांच में सामने आया है कि उत्तराखंड में दो तरह से अवैध हथियार पहुंच रहे हैं। एक बिना लाइसेंस की सीधी तस्करी और दूसरा फर्जी शस्त्र लाइसेंस के जरिए कानूनी हथियारों को अवैध तरीके से हासिल करना। यही वजह है कि अब यह नेटवर्क कई राज्यों की जांच एजेंसियों के निशाने पर है। उत्तराखंड में अवैध हथियार सप्लाई करने वाले नेटवर्क को तोड़ने में कुमाऊं यूनिट अधिक सक्रिय नज़र आ रही है। पिछले कुछ ही दिनों में एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट ने फर्जी शस्त्र लाइसेंस रैकेट के मास्टरमाइंड सदानंद शर्मा निवासी शाहजहांपुर को भी गिरफ्तार किया था। आरोपी सदानंद के बैंक खाते में अवैध असलहों के फर्जी लाइसेंस के कारोबार से करीब एक करोड़ सत्तर लाख की धनराशि भी प्राप्त हुई थी।

एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि वर्तमान में अवैध हथियारों का रखना ट्रेंड बन गया है। इनका प्रयोग सोशल मीडिया में प्रदर्शन करना या फिर हर्ष फायरिंग में प्रयोग किया है। यह ट्रेंड उत्तराखंड के साथ अन्य राज्यों में भी देखा जा रहा है। उत्तराखंड पुलिस के सामने चुनौती अवैध हथियारों का नया ट्रेंड है। दरअसल, अब फर्जी दस्तावेज के दस्तावेजों के आधार पर अवैध हथियार खरीदे जा रहे हैं। हथियारों को खरीदने के लिए फर्जी आल इंडिया लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। इन मामलों में अन्य राज्यों से फर्जी लाइसेंस बनवाकर उत्तराखंड में ट्रांसफर कर रहे हैं और अवैध हथियारों को खरीद रहे हैं। इस संबंध में एसटीएफ द्वारा कार्रवाई भी की है।

# जल शक्ति मंत्री ने की गंगा फेज-2 परियोजना की समीक्षा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के जल शक्ति एवं संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कालागढ़ पहुंचकर मध्य गंगा फेज-2 परियोजना और पूर्वी गंगा संगठन के कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों से परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

रामगंगा भवन में आयोजित समीक्षा में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मध्य गंगा फेज-टू परियोजना किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। परियोजना पूर्ण होने के बाद बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा और संभल जनपदों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों के खेत हरियाली से भर जायेंगे। उन्होंने बताया कि मध्य गंगा फेज-टू परियोजना का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने पूर्वी गंगा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नहरों की सिंचाई व्यवस्था की भी समीक्षा की और अधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये।




कालागढ़ में मध्य गंगा फेज-2 परियोजना की समीक्षा करते जल शक्ति एवं संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।


समीक्षा बैठक के बाद मंत्री ने केंद्रीय भंडार खंड तीन में नवनिर्मित मुख्य अभियंता सजा एवं सामग्री प्रबंधन केंद्र कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने रामगंगा बांध एवं सैडिल बांध क्षेत्र का निरीक्षण कर रामगंगा जलाशय में नौका विहार करते हुए बांध क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद उनका काफिला 5:00 बजे कालागढ़ से रवाना हो गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार बॉबी, सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग, विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, मुख्य अभियंता अवधेश कुमार, मध्य गंगा मेरठ के मुख्य अभियंता केएम कंसल, पूर्वी गंगा मुरादाबाद के मुख्य अभियंता शरद कुमार सिंह, कालागढ़ के अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार झा, अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत



पैजनिया ( चिंगारी )। यहां नूरपुर-बिजनौर मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव निवासी जगरूप पाल ( 59 वर्ष ) का मकान नूरपुर-मुरादाबाद मार्ग के किनारे स्थित है। शुक्रवार को शाम करीब सात बजे जगरुप अपनी बाइक से घर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब उसने बाइक अपने घर की ओर मोड़ी तब बिजनौर की ओर से आ रहे वाहन की चपेट में आ गया। परिजनों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल जगरुप ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कुछ लोगों ने बताया कि ट्रक की टक्कर लगने से यह हादसा हुआ है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पैजनिया चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवाया, परंतु परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए रात में ही शव को बिजनौर से ले आए और बिना किसी कार्रवाई के आज यानी शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# बिजनौर में आर.सी. आई एंड डेंटल हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ

## कार्निया प्रत्यारोपित करने वाला जनपद का पहला अस्पताल



-विपिन भारद्वाज

**बिजनौर (चिंगारी)**। जिला मुख्यालय पर बैराज रोड स्थित आर.सी. आई एंड डेंटल हॉस्पिटल के नाम से जनपद चिकित्सा के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय आज जुड़ गया, जिसका भव्य शुभारंभ नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं कार्निया सर्जन की नानी श्रीमती कमला रानी ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व गुब्बारे व फूलों से सजे उत्सवी माहौल में नये अस्पताल में समस्त परिजनों ने यज्ञ हवन में आहूतियां देकर परमपिता परमेश्वर का आशीर्वाद लिया। डॉ. रचित व डॉ. सुरभि ने बताया कि स्वच्छ एवं वातानुकूलित वातावरण में अत्याधुनिक सुविधाओं व उपकरणों से युक्त अस्पताल में नेत्रों व दांतों के समस्त रोगों का इलाज एक ही छत के नीचे किया जायेगा। शुभारंभ के अवसर पर नेत्रों की ओपीडी मात्र 50 रुपये के साथ आयुष्मान व अन्य सभी सरकारी योजनायें भी पात्र मरीजों के लिये उपलब्ध रहेंगी। साथ ही कार्निया प्रत्यारोपित की सुविधा प्रदान करने वाला जनपद में हमारा पहला अस्पताल होगा। सर्वश्री अभय कुमार अग्रवाल (संस्थापक), श्रीमती साधना अग्रवाल (निदेशक), डॉ. मुदित अग्रवाल- नेहा अग्रवाल, डॉ. रचित-डॉ. सुरभि अग्रवाल आदि परिजनों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### सेवा की भावना निहित



हॉस्पिटल के संस्थापक वरिष्ठ अधिवक्ता अभय कुमार अग्रवाल के अनुसार हॉस्पिटल की स्थापना उनके पूज्य पिता जी जाने- माने अधिवक्ता स्व. आर.सी. अग्रवाल जी के परोपकार, सेवाभाव व मानवता के आदर्श व मूल्यों से निहित है। यह गत 7 वर्षों से नजीबाबाद रोड पर चल रहे आरसी मल्टीस्पेशिलिटी एंड ट्रामा सेंटर की प्रथम ब्रांच है। हमारा प्रयास रहता है कि मरीज को हमारे यहां बेहतर उपचार के साथ अपनापन, विश्वास व सच्ची देखभाल मिले।

### अत्याधुनिक सुविधाएं




निदेशक साधना अग्रवाल का कहना है कि हम अपने प्रत्येक मरीज को उचित परामर्श, अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सम्मानपूर्वक सेवाभाव देने के लिये दृढ़ संकल्पित हैं। मरीजों का विश्वास व स्नेह ही हमारी सबसे बड़ी ताकत व प्रेरणास्त्रोत है।




### बाहर नहीं जाना पड़ेगा

डायरेक्टर डॉ. मुदित व डॉ. नेहा अग्रवाल (किडनी स्पेशलिस्ट) का कहना है कि उनका प्रयास रहता है कि मैट्रो शहरों के हॉस्पिटल के समान आधुनिक इलाज की समस्त उच्च क्वालिटी की सुविधायें मिलें, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बाहर न जाना पड़े।

### बुजुर्गों से सीखा

नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं कार्निया सर्जन डॉ. रचित अग्रवाल एवं प्रशासक डॉ. सुरभि अग्रवाल (डेंटिस्ट) का कहना है कि हमारे बुजुर्गों ने हमेशा यही सिखाया है कि दूसरों के काम आना व उनकी मदद करने से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसी के चलते हमने अपने नये हॉस्पिअल आर.सी.आई एंड डेंटल हॉस्पिटल की स्थापना की है।


उद्घाटन विशेष ऑफर
नेत्र विशेषज्ञ OPD शुल्क
मात्र ₹50/-
सिर्फ पचास रुपये
* यह शुल्क केवल OPD परामर्श के लिए है।


### कार्निया (पुतली) प्रत्यारोपित करने वाला जनपद का पहला अस्पताल

**डॉ. रचित के अनुसार उनके यहां आंख की पुतली को कार्निया से आंखों की रोशनी गंवा चुके मरीजों में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रोबोटिक मोतियाबिंद सर्जरी जन्मजात मोतियाबिंद सर्जरी लेजर आदि समस्त अत्याधुनिक सुविधाएं आधुनिक उपकरणों के साथ उपलब्ध हैं।**

---

## सपा नेता मुनव्वर अली को लखनऊ में सम्मानित किया गया



**नजीबाबाद (चिंगारी)**। लखनऊ में शिक्षकों की समस्याओं व आगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर लाल बिहारी यादव नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश विधान परिषद की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नरेश उत्तम पटेल, सांसद मोहम्मद दानिश अख्तर एमएलसी प्रत्याशी बरेली मुरादाबाद शिक्षक क्षेत्र, सतपाल सिंह प्रभारी बिजनौर, अकिलुर्रहमान पूर्व मंत्री, डॉक्टर इंद्रपाल सिंह यादव बिजनौर, परवेज अली पूर्व एमएलसी, कुंवर जयेश प्रसाद पूर्व एमएलसी, सुशील कुमार पटेल, नितिन तोमर, कमलेश यादव, पी भाटी के मार्गदर्शन में बरेली-मुरादाबाद शिक्षक एमएलसी क्षेत्र के निम्न सम्मानित पदाधिकारी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद बिजनौर से समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली सहित सपा के काफी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

## अग्नि सुरक्षा संबंधी चैकिंग अभियान चलाया गया



**नजीबाबाद (चिंगारी)**। लखनऊ के एनीमेशन/कोचिंग सेंटर में हुए दुखद भीषण अग्निकांड को दृष्टिगत रखते हुए डीएम व एसपी बिजनौर एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार जनपद में संचालित एनीमेशन/कोचिंग सेंटर में अग्नि सुरक्षा व जीव रक्षा के दृष्टिकोण से चैकिंग अभियान चलाया गया। फायर स्टेशन नजीबाबाद, तहसील नजीबाबाद से डॉ. राजीव कुमार पांडे मुख्य अग्निशमन अधिकारी, एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ आकांक्षा गौतम, प्रभारी अग्निशमन केन्द्र नजीबाबाद केएस जादौन द्वारा एनीमेशन/कोचिंग सेंटर शेखपुर गढ़ू स्थित अध्ययन लाइब्रेरी, शिव लाइब्रेरी, सरस्वती लाइब्रेरी, लाईब्रेरी आदर्शनगर, दिशा एजुकेशन लाइब्रेरी सविता प्लाजा मार्केट, प्रतिभा लाइब्रेरी कुसुम विहार कॉलोनी पर अग्निसुरक्षा सम्बन्धी चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें उपस्थित जनसमूह को आग से बचाव के संबंध में जानकारी दी एवं मॉक ड्रिल कराई गई।

## निर्जला एकादशी पर हुई श्री श्याम भजन संध्या

**नगीना (चिंगारी)**। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को शरबत भी प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।



स्थानीय श्री माता शीतला भवानी मंदिर में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम भजन संध्या का शुभारम्भ खाँटू श्याम बाबा की मूर्ति के समक्ष दीप जलाकर कर किया गया। इसके पश्चात सुशील गुप्ता के संगीत निर्देशन में स्वाति गुप्ता, राजवीर सिंह, धर्मवीर, सुमन भगत, एडवोकेट राहुल, गीता सिंह, दीपिका अग्रवाल, मधु सिंह, अलपिका अग्रवाल, दिवाकर, केके बिश्नोई आदि ने श्री श्याम बाबा के सुंदर-सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। इस अवसर पर महिला वैश्य संगठन की अध्यक्ष नीता गुप्ता, महासचिव कल्पना अग्रवाल, डॉ. अंजू बिश्नोई, दीपा मित्तल आदि के नेतृत्व में मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए मीठे शर्बत की व्यवस्था भी की गई।

## जगह-जगह लगाये गये छबील

**स्योहारा (चिंगारी)**। निर्जला एकादशी पर एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छबील लगाकर शीतल पेय पदार्थ पिलवाया गया। नगर में जैन मंदिर के पास स्थित सिटी मार्केट, पटवारियान मंदिर, शिवमूर्ति, आरएसपी रोड, नवादा चुंगी, सोमवार का बाजार, गुरूद्वारा रोड आदि जगह-जगह छबील लगाकर शीतल पेय पदार्थ वितरण किया गया। गर्मी के बीच लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान मोंटी पुष्पक, पीयूष रस्तौगी, पंकज छावड़ा, मोहित रस्तौगी, पारस वर्मा, हैरी गुर्जर, नमन माहेश्वरी, शोभित रस्तोगी, अनित रस्तौगी आदि ने सहयोग किया।

# भारत आएंगे डोनाल्ड ट्रंप

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक और व्यापारिक रिश्ते एक नये सुनहरे दौर में प्रवेश करने जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले साल की शुरुआत में भारत का दौरा करेंगे। रुबियो ने साफ किया कि वह खुद इस ऐतिहासिक वीवीआईपी दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप देने और दोनों देशों के बीच



बहुप्रतीक्षित ट्रेड डील (व्यापार समझौते) को जल्द से जल्द फाइनल करने के लिए भारत आ रहे हैं। इस दौरे को लेकर रुबियो ने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच के करीबी निजी रिश्ते दोनों देशों के मजबूत संबंधों की सबसे बड़ी बुनियाद है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे खुद पीएम मोदी के बड़े प्रशंसक हैं, क्योंकि उनके नेतृत्व में भारत एक ग्लोबल पावर (वैश्विक ताकत) बनकर उभरा है। दोनों देशों के बीच की यह साझेदारी आने वाले समय में असीमित संभावनाओं को छूने वाली है। भारत की तारीफ करते हुए यह भी कहा गया कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जिसके पास हैवी क्रूड ऑयल (भारी कच्चे तेल) को रिफाइन करने की क्षमता है। इस समय भारत, अमेरिका और वेनेजुएला आपस में मिलकर क्रूड ऑयल की सप्लाई बढ़ाने पर बहुत करीब से काम कर रहे हैं। साथ ही अमेरिका के वीजा सिस्टम में होने वाले बदलावों को लेकर भी स्थिति साफ की गई कि इन बदलावों का निशाना भारत बिल्कुल नहीं है।

# राम मंदिर में अर्जुन का था अलग रसूख, 17 साल से नहीं हुआ ट्रांसफर

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले में एक खुलासा हुआ है। इस पूरे कांड की जांच कर रही SIT ने अपनी रिपोर्ट में सीसीटीवी कंट्रोल रूम की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी के इस मामले में अब पुलिस के वायरलेस डिपार्टमेंट के अधिकारी अर्जुन देव भी सीधे जांच के घेरे में आ गए हैं। दरअसल, जिस कमरे में नोटों की गिनती होती थी, वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए नजर रखने की मुख्य जिम्मेदारी इन्हीं के पास थी। इस खुलासे के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर चर्चा में आ गई है। जांच में यह साफ हुआ है कि अर्जुन देव अपनी मूल जिम्मेदारी संभालने के बजाय ट्रस्ट के बाकी कामों में जरूरत से ज्यादा एक्टिव रहते थे। मंदिर परिसर के भीतर वीवीआईपी लोगों को दर्शन कराने से लेकर पूरे मैनेजमेंट तक में उनका सीधा दखल था। राम शंकर यादव उर्फ टिंटू यादव की तरह ही अर्जुन देव की इस भूमिका ने अब जांच टीम के कान खड़े कर दिये हैं।



चंपत राय के साथ अर्जुन

# फीतनई नवेली टीम केप वर्डे ने रचा इतिहास, दो बार की चैम्पियन उरुग्वे बाहर

**ह्यूस्टन (एजेंसी/चिंगारी)।** FIFA वर्ल्ड कप 2026 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। दो बार की वर्ल्ड चैम्पियन उरुग्वे का सफर ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया है, जबकि पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही केप वर्डे ने इतिहास रचते हुए राउंड ऑफ 32 में जगह बना ली है। आज शनिवार (27 जून) को एस्टाडियो ग्वाडलजारा में आयोजित ग्रुप ॥ के निर्णायक मुकाबले में स्पेन ने एलेक्स बेना के पहले हाफ में किए गए गोल की बदौलत उरुग्वे को 1-0 से हरा दिया। इस हार के साथ उरुग्वे की टीम नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई। पिछले वर्ल्ड कप में भी उरुग्वे के साथ ऐसा ही वाकया हुआ था। दूसरी ओर ह्यूस्टन के ह्यूस्टन स्टेडियम में केप वर्डे और सऊदी अरब के बीच खेला गया मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा। यह परिणाम केप वर्डे के लिए पर्याप्त साबित हुआ और टीम ने तीनों ग्रुप मैच ड्रॉ खेलकर तीन अंकों के साथ ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। करीब पांच लाख की आबादी वाले छोटे से अफ्रीकी द्वीपीय देश केप वर्डे ने अपने पहले ही वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने पहले स्पेन को रोका, फिर उरुग्वे के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला और आखिर में सऊदी अरब के खिलाफ एक अंक लेकर इतिहास रच दिया। अब राउंड ऑफ 32 में केप वर्डे का सामना मौजूदा वर्ल्ड चैम्पियन अर्जेंटीना से होगा। वहीं स्पेन अगले दौर में ग्रुप जे की उपविजेता टीम से भिड़ेगा।



# जरूरतमंदों के इलाज और मकान की व्यवस्था कराएगी सरकार- योगी

**गोरखपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय भरोसा देते हुए कहा कि जरूरतमंदों के इलाज और मकान की व्यवस्था सरकार कराएगी। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी होना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाएं। जनता दर्शन में एक महिला ने योगी से कहा कि उनके पास रहने के लिए अपना मकान नहीं है।



# मूलचंद अकादमी की छात्रा सिमरन कौर ने थर्ड रैंक प्राप्त कर रचा इतिहास

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** मूलचंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सिमरन कौर ने सीयूईटी (यूजी) 2026 परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय (थर्ड रैंक) हासिल कर इतिहास रचा है। इस उपलब्धि से विद्यालय, नगर एवं जनपद में हर्ष की लहर है। सिमरन कौर ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 1111.14 का एग्रीगेट एनटीए स्कोर प्राप्त किया। इस वर्ष सीयूईटी (यूजी) परीक्षा में भारत तथा विदेशों के 13 शहरों से कुल 15,68,867 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। इतने विशाल प्रतिस्पर्धी परीक्षा में अखिल भारतीय तृतीय स्थान प्राप्त करना अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। छात्रा की इस असाधारण सफलता पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विशेष बधाई संदेश जारी करते हुए उनकी उपलब्धि को देश के 'विकसित भारत 2047' के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रेरणादायक उदाहरण बताया है। विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अनिल चौहान, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता चौहान एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता सिंह ने सिमरन कौर एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि सिमरन की मेहनत, अनुशासन, समर्पण व उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि सिमरन कौर भविष्य में भी अपनी प्रतिभा व परिश्रम के बल पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर विद्यालय, जनपद, प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करेंगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।




मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)


1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# अलम के जुलूस में दहकते अंगारों पर चलकर मातम किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र के अनेक गांवों में 10वीं मोहर्रम को आशूरा के दिन इमाम हुसैन की याद में ताज़िया का जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर सोगवारों ने दहकते अंगारों पर चलकर व जंजीरों से मातम कर अपने आपको लहुलूहान कर लिया।

ग्राम सिंघा में 10 मुहर्रम रोज़े आशूर नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन और शुहदाए कर्बला की याद में ताजिया और अलम का जुलूस इमामबाड़ा से अंजुमन हुसैनी के ज़ेरे निगरानी बरामद हुआ। जुलूस से पहले इमामबाड़ा में मजलिस हुई, जिसको खिताब करते हुए मौलाना सैयद शबाहत हुसैन ने इमामे हुसैन के मकसद को बयान किया और बताया की इमाम हुसैन ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिए मदीना छोड़ा और दो (2) मोहर्रम को कर्बला पहुंचे खेमे लगाए गए यज़ीद का लश्कर कर्बला के मैदान में जमा होने लगा और फ़ौज पर फ़ौज आने लगी यज़ीद चाहता था की हुसैन उसकी बैअत (वचन का आज्ञा पालन) करें। इमाम हुसैन ने इनकार किया और कहा कि मेरे जैसा तुझ (यज़ीद) जैसे की बैअत नहीं कर सकता। और इस तरह इमामे हुसैन ने बैअत न करके इस्लाम को बचा लिया। आपने अपना सर कटाकर इस्लाम को बचा लिया और अपने भाई, अपने बेटे, अपनी गोद के पले अपने भांजे और भतीजे को यहां तक



के 6 माह के बच्चे को भी दीन और हक की खातिर कुर्बान कर दिया। और आखिर में आखरी रुखसत के लिए खे़मों में आए इमाम हुसैन अगर बैअत कर लेते तो इस्लाम पर अमल नहीं होता और इस्लाम खत्म हो जाता, लिहाज़ा बैअत न करके इमाम हुसैन ने इस्लाम को बचा लिया।

मजलिस के बाद दहकते हुए गर्म अंगारों से अज़ादार मातम करते हुए गुज़रे। उसके बाद जुलूस बरामद हुआ। जुलूस में अंजुमन-ए-हुसैनी के नौहाख़्वान मोहम्मद हसनैन(बबलू), अली रज़ा ज़ैदी, रियासत हुसैन, जमीर अब्बास और कमर हसनैन ने नौहे पढ़े। बड़ी संख्या में अज़ादारों ने जुलूस में शिरकत की। सभी श्रद्धालु काले लिबास में, नंगे सिर और नंगे पैर 'या हुसैन या हुसैन' के नारे लगाते हुए तथा मातम करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

## गांव वालों ने किया जुलूस का सम्मान

जुलूस में अली हसनैन (गुड्डू) लियाकत हुसैन, नसीम हैदर, प्रॉफेसर एजाज़ मेहदी जेदी, अली कौसर, शराफत हुसैन, राजा ज़ैदी, शकील अब्बास, नज़र हसनैन, ज़ुल्फिकार हुसैन, इंजीनियर रियाज़ हैदर, शहज़ाद हुसैन ज़ैदी, मोहम्मद हुसैन ज़ैदी, पप्पू ज़ैदी, सरकार मेहदी सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। सभी गांव वालों ने जुलूस का सम्मान किया, कुछ लोगों ने रास्ते में मातमदारों को पानी और शरबत पिलाकर उनकी सेवा की। इससे गांव के लोगों की आपसी एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना का भी परिचय मिलता है। जुलूस बस्ती के निर्धारित मार्गों से होता हुआ कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। अंत में सभी लोगों के बीच तबर्रुक वितरित किया गया। वहीं दूसरी ओर महल सादात, गोयली, बास्टा, महबुल्लापुर ढाकी में भी 10वीं मौहर्रम पर शोगवारों ने आग व जंजीरों का मातम किया।

# नूरपुर में शांतिपूर्वक निकला ताजिये का जुलूस

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार की अपराह्न यौम-ए-आशूरा के मौके पर नगर में ताजियों का जुलूस निकाला गया। कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार ही ताजियों की ऊंचाई 12 फीट रखी गई। मुहर्रम का त्यौहार नवासा-ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। जामा मस्जिद स्थित अंसारियान इमामबाड़े से बड़ा ताज़िया व मोहल्ला मोहम्मद नगर स्थित इमामबाड़े से छोटा ताज़िये का जुलूस अपने परम्परागत मार्गों से होकर निकाला गया। बुध बाजार में ताज़िया कमेटी की ओर से नगर के सम्भ्रांत लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। जुलूस के दौरान नौजवान या अली या हुसैन के नारे लगाते हुए और कुछ नौजवान



अखाड़ा खेलते हुए साथ चल रहे थे। जुलूस के साथ सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम चांदपुर नितिन तेवतिया, सीओ देश दीपक सिंह व थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले चेयरमैन एम.पी. सिंह व उनके पुत्र

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने पुत्र डॉ. गगन प्रताप साहनी के साथ शुक्रवार को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनका स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि देश की सुरक्षा, सुशासन, राष्ट्रहित एवं जनसेवा के प्रति श्री राजनाथ सिंह का उनका समर्पण हम सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। उनका सरल व्यक्तित्व, विनम्र व्यवहार और दूरदर्शी नेतृत्व प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है। मुलाकात के बाद डॉ. एमपी सिंह ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दिए गए स्नेह, आत्मीयता एवं अमूल्य समय के लिए हृदय से उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन सदैव हम सभी के लिए



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाक़ात करते डॉ. एमपी सिंह

प्रेरणा का स्रोत रहेगा। इस दौरान भाजपा की केंद्र सरकार के 12 वर्षों व नगर पालिका परिषद के 3 वर्षों के विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई।

# बंद घर में मिला महिला का शव



महिला का फाइल फोटो

**शेरकोट ( चिंगारी )। शुक्रवार की दोपहर नगर के मुहल्ला हकीमान में उस समय सनसनी फ़ैल गई कि जब एक 37 वर्षीय विधवा महिला का शव सड़ी-गली हालत में उसी के घर में बंद मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।**

जानकारी के अनुसार दोपहर मुहल्ला हकीमान में मदरसा गंज के सामने स्थित स्व. नईम अहमद के घर से तेज बदबू फैलने पर आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का अंदर से बंद दरवाजा खोला और घर में जाकर देखा तो वहां कमरे में चारपाई पर नईम अहमद की पत्नी आसिम जहां का शव बुरी तरह सड़ी-गली हालत औंधे मुंह चारपाई पर पड़ा था। तेज



मौके पर जांच करती पुलिस और फोरेंसिक टीम।

बदबू के कारण पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों का घर में ठहर पाना मुश्किल हो गया। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलवाकर मौके की जांच कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि लगभग एक वर्ष पूर्व नईम की बीमारी से मौत हो जाने के बाद से आसिम जहां घर में अकेली रहती थी। उसकी कोई संतान नहीं थी और आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। मृतका के भाई नजीबाबाद निवासी मौ. आरिफ ने बताया कि तीन दिन पहले उनकी अपनी बहन से मोबाइल पर बात हुई थी, तब वह बिल्कुल ठीक थी। उन्होंने सुसराल पक्ष के लोगों पर मृतका को परेशान करने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव की हालत देखकर लग रहा था कि महिला की मौत दो-तीन दिन पूर्व हुई है। उन्होंने कहा कि मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता लग पाएगा, फिलहाल मामले की गहनतापूर्वक जांच की जा रही है।

# भैंस का इंजेक्शन लगाने से बच्चे की मौत

**मंडावर ( चिंगारी )।** मामूली कहासुनी के बाद पड़ोस के ही लोगों ने चार बहनों के इकलौते भाई को घर के अंदर खींचकर जबरन भैंस के दूध निकालने में प्रयोग किए जाने वाले प्रतिबंधित इंजेक्शन ऑक्सीटॉसिन लगा दिया, जिससे उसकी इतनी हालत बिगड़ी के उपचार के दौरान मेरठ मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई।


मृतक किशोर अरमान कुरैशी।


प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला कस्साबान आयशा कॉलोनी में 21 जून को हुए विवाद के बाद एक 7 वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मारपीट के दौरान पड़ोसी युवक ने बच्चे को भैंस के लगने वाला इंजेक्शन लगा दिया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी।

मृतक की मां रेशमा पत्नी गुलज़ार कुरैशी ने बताया कि 21 जून की शाम उनकी बेटी मस्जिद से पढ़कर घर लौट रही थी। रास्ते में अरमान कुरैशी ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर रेशमा और उनका बेटा 7 वर्षीय रूहान मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान पप्पू कुरैशी और अल्लू कुरैशी पुत्र काला कुरैशी भी आ गए और मारपीट करने लगे। रेशमा का कहना है कि


मृतक के घर मौजूद पुलिस फोर्स।

विवाद के बीच अरमान कुरैशी ने उनके बेटे रूहान को जबरन भैंस का इंजेक्शन लगा दिया। घटना के बाद 21 जून को ही रेशमा ने थाने में तहरीर दी थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले में जबरन समझौता कराने का दबाव बनाया था।

बुधवार को अचानक रूहान की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहाँ हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान रूहान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि बच्चे की मौत इंजेक्शन लगने से हुई है या नहीं। उन्होंने कहा कि 21 जून को महिला द्वारा दी गई शिकायत की जांच की जा रही है। तथ्य सही पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ पाई थी।



मृतक की मां द्वारा 21 जून को थाने में दी गई तहरीर की स्लिप।

# चोरी के सामान सहित पकड़ा


पुलिस हिरासत में आरोपी।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के रामलीला बाजार स्थित एक इलेक्ट्रिशियन की दुकान में करीब 13 दिन पूर्व हुई चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को चोरी के सामान सहित हिरासत में लेने का दावा करते हुए चोरी की घटना का खुलासा करने की बात कही है।

मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी संदीप शर्मा पुत्र प्रेमलाल शर्मा की रामलीला बाजार में इलेक्ट्रिशियन की दुकान है। करीब दो सप्ताह पूर्व चोरों ने उनकी दुकान को निशाना बनाते हुए सामान चोरी कर लिया था। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने के आरोप में रविंद्र पुत्र धर्मेंद्र निवासी मोहल्ला साहूकार थाना बिलासपुर, जनपद रामपुर को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी का सामान बरामद करने का भी दावा किया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र राठी का कहना है कि घटना में शामिल दूसरा आरोपी अभी फरार है। जिसकी तलाश जारी है।

# तार चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर क्षेत्र के गांव झीरन निवासी वरुण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि स्थानीय किसानों के ट्यूबवेल के तार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गांव झीरन निवासी संजीव, गांव अब्दुल रहमानपुर निवासी प्रद्युम शर्मा पर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान उक्त दोनों आरोपियों को पकड़ कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है।

# लोन की आड़ में ढाई लाख रुपये हड़पे

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक महिला ने दो लोगों पर लोन कराने के बाद ढाई लाख रुपए हड़प लेने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की। ग्राम दरबाड़ा निवासी प्रियंका पत्नी जितेन्द्र गांव में सिलाई सेंटर चलाती है। 17 फरवरी 2026 को दो व्यक्ति उसके पास आये तथा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से 5 लाख रुपए का ऋण दिलाने की बात कही, तथा ऋण मंजूर कराने के नाम पर प्रियंका से 50हजार रूपये भी ले लिए। ऋण मंजूर होने पर इन लोगों द्वारा प्रियंका को एक लाख रुपए दे दिए गए। प्रियंका का आरोप है कि इन लोगों ने सामान की दूसरी कोटेशन व फर्जी बिल बनाकर बैंक में जमा कर उससे चैक पर हस्ताक्षर कराकर दो लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। प्रियंका ने शिकायत की जांच कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की।

# दोनों पैर में चोट लगने पर भोला बाघ को रेस्क्यू किया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के तराई पश्चिमी वन प्रभाग क्षेत्र में लंबे समय से पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों के बीच अपनी अलग पहचान बना चुके भोला बाघ को बीती रात वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर लिया। घायल अवस्था में मिले बाघ को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित पकड़कर उपचार एवं निगरानी के लिए ढेला रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार बाघ के अगले दोनों पैरों में गंभीर चोट लगी है। और उसका दाहिना पैर का पंजा अधिक प्रभावित है। वन विभाग की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह चोट किसी अन्य बाघ के साथ हुए संघर्ष के दौरान लगने की संभावना है। शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने पूरी सतर्कता के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया। विशेषज्ञों द्वारा बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है और उसकी


रेस्क्यू सेंटर में मौजूद घायल बाघ।

स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**यह मामला तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन का है। भोला बाघ अपनी गतिविधियों और पर्यटकों को दिखाई देने के कारण क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध हो चुका था।**

इस संबंध में कॉर्बेट के वरिष्ठ पशु चिकित्सा डॉक्टर दुष्यंत शर्मा ने बताया कि बाघ का अगले दाहिना पैर का पंजा दो हिस्सों में बट चुका है और केवल खाल से जुड़ा है। जिसके चलते उसका लंबे समय तक इलाज जारी रहेगा।

# झालू में दसवीं मोहर्रम पर निकला मातमी जुलूस, गूंजीं 'या हुसैन' की सदाएं

**झालू ( चिंगारी )। नगर में दसवीं मोहर्रम के मौके पर शहीद-ए-कर्बला हज़रत इमाम हुसैन और उनके अहलेबैत की याद में अकीदत व ग़म के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। मुतवल्ली इमामबाड़ा कला नज़ाकत हुसैन जैदी की जेरे निगरानी में निकला जुलूस नगर के परंपरागत मार्गों से होता हुआ कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ।**




शुक्रवार को मोहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा कला से अपने परम्परागत मार्गों से गुजरते हुए कर्बला पहुंचा। जुलूस से पूर्व इमामबाड़ा कला में मजलिस बरपा की गई, जिसमें कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया। मातमी जुलूस के दौरान अज़ादारों ने नौहाख़्वानी करते हुए जंजीरों से मातम किया और 'या हुसैन' की सदाओं के बीच शहादत-ए-कर्बला की याद ताज़ा की। पूरा माहौल ग़म, अकीदत और एहतराम से सराबोर रहा। इमामबाड़ा कला में जाकिर-ए-अहलेबैत अली रज़ा साहब नूरपूरी ने अपने ख़िताब में हज़रत इमाम हुसैन की अज़ीम कुर्बानी, सब्र और हक़ की राह पर डटे रहने के पैगाम पर रोशनी डाली। उन्होंने वाक़ेआ-ए-कर्बला का मार्मिक वर्णन करते हुए मौजूद अज़ादारों और जायरीन को भावुक कर दिया। इमामबाड़ा खुर्द में मौलाना सैयद इकरार अली ने अपने ख़िताब में हज़रत इमाम हुसैन और अहलेबैत की कुर्बानियों का ज़िक्र करते हुए कहा कि कर्बला का पैगाम इंसानियत, सच, इंसाफ़ और ज़ुल्म के खिलाफ डटकर खड़े रहने की तालीम देता है। एजाज़ अहमद एडवोकेट ने पेशख़्वानी की, जबकि गुलाम सरवर व अन्य ने सोज़ख़्वानी की। नोहाख़्वानी में शराफ़त अली, अमान, मोहम्मद अली, समीर, मोहिब जैदी तथा समर जैदी सहित अनेक अज़ादारों ने नज़राना-ए-अकीदत पेश किया। वहीं महताब अली, कैसर अली, एलन जैदी, चांद मियां, नदीम, रियासत अली, दानिश, आमिर और इक़बाल सहित बड़ी संख्या में अज़ादारों ने सीना-ज़नी में हिस्सा लिया। मातमी जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा और सुरक्षा व्यवस्था के पुख़्ता इंतज़ाम किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी एवं नगर पंचायत कर्मचारियों ने भी जुलूस के संचालन और व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। नगर पंचायत की ओर से साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का पूरा इंतजाम किया गया था, जिससे कार्यक्रम अमन, भाईचारे और अनुशासन के साथ सकुशल संपन्न हुआ।

## लखनऊ का अग्निकाण्ड

### 'का वर्षा जब कृषि सुखाने'

एक पुरानी कहावत है 'का वर्षा जब कृषि सुखाने' जिसका समान्यत: अर्थ होता है जब सूखे के कारण सारी फसल सूख गई, उसके बाद अगर वर्षा होती है तो उसका क्या लाभ है? यह कहावत लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर पर हुये अग्निकांड पर एक दम सही बैठती है। जब उस काण्ड में 15 छात्र काल के गाल में समा गये, तब शासन-प्रशासन हरकत में आया और पूरे प्रदेश के कोचिंग सेण्टर, अस्पतालों तथा अन्य बहुमंजिला भवनों की चैकिंग शुरू की गई। अनेक में अग्नि से सुरक्षा के समुचित उपाय न होने पर उन्हें सील किया जा रहा है। यह कोई नई बात नहीं है। अक्सर ही यही होता है। शासन-प्रशासन तभी चेतता है जब कहीं कोई भयानक हादसा हो जाता है। घटना के बाद भवनों का, संस्थानों का निरीक्षण कराया जाता है, जांच बैठाई जाती है, सम्बंधित विभागों से जवाब तलब किया जाता है और कुछ दिन बाद सब ठण्डा हो जाता है। प्रश्न उत्पन्न होता है कि ऐसे भवनों का निर्माण होता है,तब बिना जांच के इन्हें एनओसी कैसी मिल जाती है, इनमें कोचिंग सेंटर, अस्पताल अथवा अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठान कैसे संचालित हो जाते हैं। अब हो गया सो हो गया, शासन-प्रशासन भले ही नींद से जागा हो, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही की पोल खोल दी है। यदि प्रशासन द्वारा जिन बहुमंजिला इमारतों में स्कूल, कालेज, निजी अस्पताल, कोचिंग सेंटर, गोदाम, व्यावसिक संस्थान चल रहे हैं, यदि समय-समय पर उनकी जांच कराई जाती रहे तो ऐसे हादसों में काफी कमी आ सकती है तथा अनक लोगों की मौत के मुंह में जाने से रोका जा सकता है। अब शासन-प्रशासन की कार्यवाही पर यही कहा जा सकता है- 'मिट गये जब मिटने वाले, फिर पयाम आया तो क्या।' अन्त में इस हादसे में जीवन गंवाने वाले छात्रों को हार्दिक श्रद्धांजलि तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना।




**- हुक्का बिजनौरी**

## पुलिस ने चांगीपुर गौकशी के फ़रार आरोपी को पकड़कर न्यायालय भेजा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने गांव चांगीपुर में गन्ने के खेत में मिले गौवंश के अवशेष मामले में रात के अंधेरे में पुलिस को चकमा देकर फरार आरोपी गांव चांगीपुर निवासी फारूख उर्फ पप्पू को घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि गांव में ग्राम प्रधान जगपाल सिंह ने राजनीति द्वेष रखते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी हसन को गौकशी के आरोप में फसाने की मंशा से खेत में अवशेष डालकर मामले को तूल दिया था। पुलिस इस मामले में फैजान उर्फ सोनू, ग्राम प्रधान जगपाल, किरणपाल, रामावतार, ब्रह्मपाल उर्फ संता को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शुक्रवार को पुलिस ने घटना के वांछित आरोपी फ़ारुख को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।



## लिहाफ-गद्दे की दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नगर के थाना रोड स्थित जूनियर हाईस्कूल की दुकानों में सईद अहमद लिहाफ़-गद्दे भरने व बेचने का काम करता है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान आग की चपेट में आ गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फ़ायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखे लिहाफ़-गद्दे जलकर राख हो गए। सूचना पर पीड़ित सईद अहमद भी मौके पर पहुंचे। जिस समय दुकान में आग लगी उस समय पास में ही ताजियों का जुलूस निकल रहा था। बुध बाजार में लगे मेले में भी काफी भीड़ थी। आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। पुलिस व फ़ायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से काफ़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका। पीड़ित ने प्रशासन से अपने नुकसान की भरपाई की मांग करते हुए आग लगने के कारणों का पता लगाने की भी बात की है।



## अकीदत के साथ निकाला मुहर्रम का जुलूस, नम आंखों से सुपुर्देखाक किये ताजिये

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम ताहरपुर सैद तरकोला में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर अकीदतमंदों ने पूरी अकीदत और पारंपरिक तरीक़े से मुहर्रम का जुलूस निकाला, जिसमें शामिल लोग 'या हुसैन' के नारे लगाते हुए ग़मज़दा माहौल में मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। मुहर्रम के अवसर पर जगह-जगह हज़रत इमाम हुसैन और शहीदान-ए-कर्बला की याद में नज़्र-नियाज़ कराई गई। इसके साथ ही लंगर और सबील का बड़े पैमाने पर वितरण किया गया। गांव में अखाड़े और ताजिए निकाले गए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने मिलकर आपसी भाईचारे की एक अनूठी मिसाल पेश की। जुलूस के दौरान स्थानीय पुलिस बल पूरे रास्ते मुस्तैद रहा ताकि यातायात और सुरक्षा व्यवस्था में कोई बाधा न आए। जुलूस अपने निर्धारित रास्तों से होते हुए शांतिपूर्ण ढंग से कर्बला पहुंचा, जहां नम आंखों से ताजियों को सुपुर्दे-खाक किया गया। इस ऐतिहासिक मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद अशरफ, रईस अहमद, मोहम्मद राशिद, खुर्शीदुल हक, शुजात हुसैन, मन्नान अली, शोएब अहमद, डॉ. खलीक अहमद, जावेद, नफीस अहमद और मोहम्मद तारिक आदि सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सर्व ब्राह्मण महासभा ने की शीतल जल सेवा

**धामपुर ( चिंगारी )।** सर्व ब्राह्मण महासभा धामपुर के नगर अध्यक्ष डा. जितेन्द्र कौशिक, महामंत्री डॉ. शंकर भारद्वाज, सचिव बालेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष शीलेन्द्र शर्मा, प्रचार मंत्री आशुतोष शर्मा, संगठन मंत्री नवकेतन शर्मा, सलाहकार हिर्देश भारद्वाज, अरुण कुमार शर्मा, सजय कौशिक आदि पदाधिकारियों द्वारा भीषण गर्मी की देखते हुए राहगीरों को राहत पहुंचाने हेतु मोहल्ला खतियान स्थित अमन पैथोलॉजी लैब के बाहर शीतल जल सेवा कर जनसेवा का कार्य किया गया।



# 15 लाख रुपये के ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में हरियाणा पुलिस पांच युवकों को उठा ले गई

**नगीना ( चिंगारी )।** हरियाणा पुलिस करीब 15 लाख रुपये के ऑनलाइन फ्रॉड व ठगी के मामले में नगीना से पांच लोगों को पूछताछ के लिए अपने साथ उठाकर ले गई। हरियाणा पुलिस की कार्वाई से पांचों युवकों के परिजनों में हड़कंप मच गया।

थाना अध्यक्ष नगीना विकास कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात्रि करीब नौ बजे हरियाणा पुलिस नगीना पहुंची तथा हरियाणा के भिवानी में 15 लाख रुपये के हुए ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में दर्ज मुकदमे के संबंध में नगीना के पांच लोगों को पूछताछ के लिए उठाकर अपने साथ ले गई। उधर मोहल्ले के निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि मोहल्ला सरायमीर निवासी ज़िबरान, खुर्रमअली सराय निवासी शाकिर व मोहल्ला सैयदवाड़ा निवासी मौहम्मद कैफ लुहारी सराय में एक दुकान में इंडियन ओवरसीज बैंक की मिनी ब्रांच चलाते थे। पुलिस ने बताया कि हरियाणा पुलिस मोहल्ला लुहारी सराय स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की इस मिनी ब्रांच से ज़िबरान, शाकिर व कैफ को पूछताछ के लिए हिरासत में ले गई। बताया जाता है कि हरियाणा पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तीनों युवकों की हमदर्दी में लाइनपार आज़ाद कॉलोनी निवासी दो भाई असद व अक़सद भी थाने पहुंच गए। हरियाणा पुलिस ने दोनों भाइयों असद व अक़सद को भी हिरासत में ले लिया। हरियाणा पुलिस देर रात पांचों को अपने साथ हरियाणा ले गई। सूचना मिलते ही पांचों युवकों के परिजन भी शहर के जिम्मेदार लोगों के साथ नगीना थाना पहुंच गए और फ़िर हरियाणा पुलिस के पीछे-पीछे भिवानी (हरियाणा) चले गए।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार की देर शाम कस्बे के मौहल्ला गोविंद नगर निवासी मौहम्मद इमरान (30) पुत्र बाबू खां अपने मित्र मोहल्ला गांधी नगर निवासी मोहम्मद कैफ (22) व अपने रिश्तेदार मुकर्रम अली पुत्र नवाब निवासी रामनगर (उत्तराखंड) के साथ ईको कार द्वारा घर जा रहा था। ब्लॉक मोड़ पर कार को मोड़ते समय कार का टायर फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ कर सड़क पर पलट गई। कार पलटते ही उसमें सवार युवकों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे युवकों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। जहां दो युवकों इमरान व मुकर्रम की गम्भीर हालत के कारण चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि परिजन उन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए, जहां मुकर्रम की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है।



**चालक समेत तीन लोग घायल हुए**

# फ़ैसले के लिए जंगल में बुलाया चाकू घोंपकर घायल किया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** जंगल में फैसले के लिए बुलाकर चाकू घोंप घायल कर दिया । पुलिस ने मौके पर पहुच घायल को अस्पताल पहुचाया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी । घायल को उपचार हेतु हायर सेंटर रैफर कर दिया। क्षेत्र के गांव ड़ेहराबुलंदी निवासी सतवीर पुत्र नन्हे सिंह व गजेंद्र सिंह पुत्र संतराम में लगभग 22 जून को कहासुनी हुई और झड़प हो गयी। दोनों पक्षों ने थाने मे मारपीट व छेड़छाड़ की तहरीर दी। हल्के में तैनात पुलिसकर्मी राजू दिवाकर व अन्य लोगों के द्वारा फैसला करा दिया गया । लेकिन गजेंद्र सिंह इस बात से नाराज था और लगभग दो दिन पहले एस पी के कार्यालय में पत्नी के साथ जाकर सतवीर व उसके पुत्र के खिलाफ छेड़छाड़ की तहरीर दी थी, जिसमें एक बार फिर फैसलें की बात चलने लगी। गजेंद्र सिंह शुक्रवार की सुबह थाने पहुंचा और मुकदमा लिखने के लिए कहा जिसपर पुलिस द्वारा समझा दिया गया। आरोप है कि शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे गजेंद्र सिंह व अन्य ने सतवीर को फैसले के लिए बुलाया था। जिसमें गजेंद्र सिंह पक्ष द्वारा सतवीर को चाकू घोंप कर घायल कर दिया । राहगीरों ने 112 सेवा को सुचना दी जिसके बाद घायल सतवीर को पुलिस ने सरकारी अस्पताल पहुचाया जहाँ चिकित्सकों ने सतवीर की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया । थाना प्रभारी निरीक्षक ने सुचना मिलते ही मौके पर पहुच जांच शुरू कर दी और आरोपियों को पकडने के लिए पुलिस लगा दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर मिलने पर कार्यवाही की बात कही है।

## प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर डाक्टर बने मौ. सोहैल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** ग्राम मानियावाला निवासी हाफिज मोहम्मद इदरीस के सबसे छोटे पुत्र डॉ. मोहम्मद सोहैल एक शिक्षित एवं प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता हाफिज मोहम्मद इदरीस कुरआन के हाफिज होने के साथ-साथ उर्दू, अरबी, फारसी, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं के विद्वान हैं और क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज में सम्मानित स्थान रखते हैं। डॉ. सोहैल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कासमपुर गढ़ी से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की शिक्षा एमएएफ एकेडमी (इंग्लिश मीडियम), नोएडा से पूरी की। वर्ष 2021 में उन्होंने नीट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की तथा इसके बाद शेख-उल-हिंद मौलाना महमूद मदनी मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प, लगन और परिवार के सहयोग के बल पर उन्होंने अपनी चिकित्सा शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की तथा वर्ष 2026 में एमबीबीएस फाइनल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनने का अपना सपना साकार किया। वर्तमान में डॉ. मोहम्मद सोहैल उसी मेडिकल कॉलेज में इंटर्न चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। डॉ. मोहम्मद सोहैल की इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल चिकित्सकीय जीवन की कामना की है।



# मुहर्रम पर सुन्नियों ने निकाले अखाड़े व जुलूस

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** मुहर्रम की दसवीं तारीख पर सुन्नियों द्वारा कई गांवों में अखाड़ों के जुलूस निकाले गये। क्षेत्र के ग्राम जालपुर में अखाड़ों के अलग-अलग दो जुलूस निकाले गये। एक जुलूस में खलीफा जुल्फकार के नेतृत्व में तथा दूसरे जुलूस में खलीफा नसीम के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अखाड़े के करतब दिखाये। नईम, असलम, घिस्सू, आरिफ, शाहिद आदि शामिल रहे। ग्राम सराय आलम में निकाले गये जुलूस में खलीफ यासीन के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अखाड़े के करतब दिखाये। शहजाद आलम एड., अकबर अली, निसार, नसीम, अनीश आदि शामिल रहे। ग्राम दहीरपुर में निकाले गये जुलूस में खिलाड़ियों ने खलीफा सूफी अकबर के नेतृत्व में अखाड़े के करतब दिखाये। अनीश ठेकेदार, मौ. राशिद प्रधान, शहीन, अनवार, शमशाद आदि शामिल रहे। जालपुर, सराय आलम तथा दहीरपुर के जुलूसों का समापन ग्राम काठपुर स्थित कर्बला के मैदान पर पहुंचकर हुआ, जहां ताजिये दफ़न किये गये। ग्राम सबलपुर बींतरा में खलीफा शहजाद और महबूब के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अखाड़े के करतब दिखाये। अब्दुल हक, कादिर मंसूरी, मुकर्रम, दानिश चौधरी, जहीर मंसूरी आदि मौजूद रहे। गांव के जंगल में स्थित कर्बला के मैदान में ताजिया दफ़न किया गया। कामराजपुर और पूंडरी में भी अखाड़ों के जुलूस निकाले गये।

## नशा उन्मूलन दिवस मनाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जीवन रक्षक नशा मुक्ति आश्रम नगीना बाईपास चक्कर चौराहा के पास 21 वर्षों से संचालित है। आश्रम में बड़े धूमधाम से अन्तर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर समाज कल्याण अधिकारी श्री जोगेश्वर सिंह उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. नरेन्द्र सिंह ने की। जीवन रक्षक नशा मुक्ति आश्रम के चेयरमैन श्री नीरज चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ओपी शर्मा तथा डा. नरेन्द्र सिंह ने नशे से सम्बंधित नाटक प्रस्तुत किया तथा आश्रम के असिस्टेंड डायरेक्टर विवेक सैनी ने सभी को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई।

**विज्ञप्ति**

विद्यालय एस.एन.एस.एम इंटर कालेज नहटौर, बिजनौर में विद्यालय बिल्डिंग में रंगाई-पुताई कार्य होना निश्चित किया गया है। सम्बंधित ठेकेदार दिनांक 30/6/2026 तक कार्यालय में आवेदन कर सकते है।

**दर्पण त्यागी**
**प्रबंधक**
**श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कालेज नहटौर**

# लायंस क्लब बिजनौर की नई टीम गठित

## पीयूष अध्यक्ष, प्रशांत गोयल सचिव , अचल कोषाध्यक्ष बने

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लायंस क्लब बिजनौर सिटी की सत्र 2026-27 की पी एस टी टीम का गठन सर्वसम्मति से किया गया। क्लब के नये सत्र का अध्यक्ष समाजसेवी पीयूष कुमार, अंटा घर, सचिव अधिवक्ता प्रशांत गोयल, एड. एवं कोषाध्यक्ष सर्राफ अचल अग्रवाल को मनोनीत किये जाने पर क्लब के सभी सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। तीनों पदाधिकारियों को बधाई देने का सिलसिला निरंतर चल रहा है। तीनों पदाधिकारियों ने क्लब सदस्यों को विश्वास दिलाया है कि सभी सदस्यों के साथ मिलकर क्लब को समाजसेवा के कार्यों के लिए ऊंचाई तक पहुंचाएंगे और अंतर्राष्ट्रीय लायंस क्लब व डिस्ट्रिक्ट से प्राप्त सेवा कार्यों को भी पूरा करने करने का पूर्ण प्रयास क्लब सदस्यों से मिलकर करेंगे।



पीयूष कुमार



प्रशांत गोयल



अचल अग्रवाल

# बच्चे की बलि देने के लिये दवाब बना रहे थे, आत्महत्या कर ली

**नांगल सोती ( चिंगारी )। तीन दिन पूर्व ट्रेन से टकराकर मरे व्यक्ति के पुत्र ने अपनी मां तथा गांव के मंदिर पर रहने वाले व्यक्ति के विरुद्ध आत्महत्या के लिये विवश ( दुष्प्रेरित ) करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। उसका आरोप है कि दोनों के द्वारा उसके पिता पर किसी मासूम बच्चे की बलि देने का दबाव बनाया जा रहा था।**

ज्ञातव्य है कि विगत 24 जून को पूर्वाहन 9.40 बजे सहारनपुर से मुरादाबाद की ओर जा रही ट्रेन संख्या एक्सएफसीआईपी पटना से टकराकर कामेन्द्र (44 वर्ष) निवासी ग्राम जाफरपुर थाना मंडावर ( बिजनौर ) की मृत्यु हो गई थी। मृतक के पुत्र सागर ने परसों पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में कहा था कि उसकी मां अरुणा देवी घर में रखे सोने के जेवर और 2 लाख रूपये लेकर विगत 21 मई को नांगल निवासी हिमांशु भारद्वाज के साथ चली गई थी। आरोपी हिमांशु उनके गांव के मंदिर पर रहता था। युवक का आरोप है कि उसकी मां और हिमांशु , उसके पिता पर किसी मासूम बच्चे की बलि देने के लिये दबाव बना रहे थे। इससे उसके पिता काफी परेशान थे। उसकी मां ने उसके पिता से यहां तक कह दिया था कि किसी और की बलि नहीं दे सकते , तो अपनी ही बलि दे दो। मृतक के पुत्र का कहना है कि हिमांशु ने कई बार उसे भी रास्ते में रोककर कहा था कि अपने बाप को हमारी बात मानने के लिये समझा ले। इन दोनों ने ही उसके पिता को आत्महत्या करने के लिये विवश किया है। युवक की तहरीर पर पुलिस ने उन दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 108 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

**मृतक के पुत्र ने अपनी मां और एक युवक पर लगाया आरोप**

# जंजीरों व छुरियों से किया मातम

## इमामबाड़ा में मजलिस बरपा की गई






**शेरकोट ( चिंगारी )।** यौमे आशूरा के मौके पर शुक्रवार को शिया समुदाय के लोगों द्वारा नगर में ताज़ियो व अलमो का जुलूस निकालकर जंजीरों और छुरियों से मातम किया। जुलूस के उपरांत सुन्नी समाज के लोगों द्वारा देर रात तक परम्परागत ढंग से अखाड़े निकालें गए । विगत वर्षों की भांति आज दोपहर दो बजे मोहल्ला खुराडा सादात स्थित इमामबाड़ा में एक मजलिस बरपा की गई । जिसमे मौलाना इकबाल हुसैन मंगलौरी ने कर्बला में हुई जंग और इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत का वाक्या बयान किया। जिसके बाद शाम साढ़े चार बजे अंजुमन गुंचाए पंजेतनी के तत्वावधान में ताजियों,अलमो, झूला अली असगर, ताबूत अली अकबर का जुलूस शुरू हुआ,जो परम्परागत रास्तों से होकर पूर्व चेयरमैन मरहूम खुर्शीद आलम की कोठी के सामने पहुंचा। जहां मौलाना इकबाल हुसैन मंगलौरी ने जनसमूह को खिताब किया। उन्होंने कहा कि 1400 साल पहले करबला की जंग मानवता व इंसानियत को बचाने और ज़ुल्म को रोकने के लिए हुई थी। उस वक्त का सबसे बड़ा आंतकवादी जालिम यजीद इंसानियत और इस्लाम को खत्म करना चाहता था,लेकिन इमाम हुसैन ने हक और सच के लिए अपने 72 साथियों के साथ कुर्बानी देकर मज़हब इस्लाम को हमेशा हमेशा के लिए बचा लिया और ये संदेश दिया कि जीत हमेशा हक़ और सच की ही होती है, संख्या और बल की नही। उन्होंने मुसलमानो से हक और ज़ुल्म के विरुद्ध एक जुट होकर आवाज उठाने की अपील की। तकरीर से माहौल गमगीन हो गया और सोगवारों ने या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच सीनाज़नी की और फिर जंजीरों व छुरियों से मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। जुलूस अपने परंपरागत रास्तों से होकर रात आठ बजे इमामबाड़ा पहुंचकर खत्म हो गया। जुलूस की अध्यक्षता आलिम रज़ा जैदी ने की और संचालन सालिम रज़ा, अली हसनैन, निसार हैदर, शबी हैदर ने किया। जबकि अहतैशाम जैदी, अर्सलान जैदी, असद, मेहंदी रज़ा,समन, तालिब , मोहसिन रज़ा आदि ने नौहाख्वानी की। जुलूस में मुख्तारुलहसन, आरिफ जैदी,आहिल रज़ा, काजिम रज़ा, मौ अली, सरकार जैदी, जमाल हैदर, हैदर अब्बास, एजाज़ हैदर , सलमान अख्तर,कुमैल जैदी, सलीम ज़ैदी आदि शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज मोहित चौधरी, महेश शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### सुन्नी समुदाय ने अखाड़े निकाले

शिया समुदाय का जुलूस निकल जाने के बाद सुन्नी समुदाय के लोगों ने देर रात तक निकाले अखाड़े । भटयारी सराय से शुरू किये गए अलग अलग मौहल्लो के कई अखाड़ों में खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। ढोल नगाड़ों के साथ देर रात तक निकले अखाड़े पुलिस चौकी के पास जाकर सम्पन्न हुए।

### जुलूस का स्वागत किया

अलम और ताजियों के जुलूस के दौरान पूर्व विधायक मौ गाज़ी, पूर्व चेयरमैन शेख कमरूल इस्लाम, चैयरमेन प्रतिनिधि मौ कमाल,आसपा नेता विवेक सैन, आमिर बाबा, मतलूब आलम, शकाफत एस भारती आदि की सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने अपनी टीम के लोगों के साथ जगह जगह पानी शर्बत और मिठाई के बांटकर जुलूस का स्वागत किया।

# क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से निकले ताजियों के जुलूस

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कोतवाली अफजलगढ़ व रेहड़ थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर यौम–ए–आशूरा/शुक्रवार को निकाले गए ताजियों के जुलूस परंपरागत रास्तों से होते हुए शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम सादकपुर में एवं कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम दुलीचंदपुर, मकसूदाबाद, सुआवाला व हिदायतपुर में पूर्व वर्षों की भांति ताजियों के जुलूस निकाले गए। जुलूस के साथ अखाड़े में लोगों ने हैरतअंगेज करतब दिखाएं। ताजिए व अखाड़े देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया और उनकी शहादत को इस्लाम के लिए बड़ी कुर्बानी बताया।



हिदायतपुर में ताजिए के जुलूस में शामिल लोग।

### चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों थानों की पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रही। पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी एवं दोनों थाना क्षेत्रों की पुलिस चौकियों के इंचार्ज अपनी अपनी सहयोगी पुलिस टीम के साथ अलग–अलग स्थानों पर मुस्तैदी से डटे रहे और कानून व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखी ?। सभी स्थानों पर जुलूस सकुशल संपन्न हुए।

### मुसलमानों खासकर महिलाओं ने रोजा रखा

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। मुहर्रम के मौके पर तमाम मुसलमानों विशेषकर मुस्लिम महिलाओं ने मोहर्रम महीने की 9वीं 10वीं व 11वीं तारीख में से दो दिनों के रोजे रखे और रोजमर्रा की इबादत के साथ–साथ यौम–ए–आशुरा पर खास तौर से इबादत का एहतिमाम किया। इस मौके पर अनेक मस्जिदों में उलेमा ने खिताब करते हजरत इमाम हुसैन की ईमान की खातिर कुर्बानी का जिक्र करते हुए लोगों से बुराइयों से दूर रहने की नसीहत की।

# नजीबाबाद में शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गये मोहर्रम के अखाड़े व ताजिये



नजीबाबाद में निकाले गये अखाड़े में बल्लम उठाता एक खिलाड़ी

### साहनपुर के मोहर्रम देखने के लिए जुटी भीड़

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में मोहर्रम के अखाड़े व ताजिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गये। मोहर्रम के अखाड़ों में दूर–दूर से आए खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब दिखाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। नगर क्षेत्र में मौहल्ला मछली बाजार से प्रसिद्ध उस्ताद इलाही बख्श का अखाड़ा उस्ताद जाहिद सैफी, मौ. आबिद, मौ. सादिक सैफी व राजा सहित उनकी पूरी टीम के नेतृत्व में निकाला गया। इसके अलावा नगर के मौहल्ला सब्नीग्रान, अम्दू खां का चौराहा, पाईबाग सहित अनेक स्थानों से मोहर्रम के अखाड़े निकाले गये। मोहर्रम के अखाड़ों में शहर के साथ दूर–दूर से आए खिलाड़ियों ने बैरेटी व डंडे से अनेक हैरत अंगेज खतरनाक खेल दिखाकर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। मौहल्ला संतोमालन पुराना कसाईखाना में इरशाद अहमद, अफजाल सैफी, शमशाद, सोनी, कामू, फैज, शमीम पहलवान, शुजात खां जादा, इकबाल सैफी सहित उनकी पूरी टीम की देखरेख में बल्लम के अनेक खेल दिखाए गए जिनकी सभी ने प्रशंसा की। वार्ड सभासद इरशाद अहमद मौजूद रहे। मौहल्ला बांसफोड़ान एक मीनार वाली मस्जिद से हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम पर ताजिया लाकर इमामाबाड़ा पुराना कसाईखाने पर खड़ा किया गया। नजीबाबाद में मोहर्रम के सभी अखाड़ों ने सुबह को मौहल्ला जाब्तागंज सरवर पर पहुंचकर सलामी दी। कस्बा साहनपुर में मोहर्रम के कई जुलूस निकाले गये। जुलूस में अखाड़े आकर्षक का केंद्र रहे। साहनपुर के प्रसिद्ध मोहर्रम देखने के लिए कस्बावासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मोहर्रम के अखाड़े देखे। मोहर्रम के सभी अखाड़ों में पुलिस की पर्याप्त संख्या में सुरक्षा व्यवस्था व डयूटी रही।



साहनपुर में मोहर्रम का जुलूस देखने के लिए उमड़ी भीड़।

# रामदयालपुर में नवनिर्मित इंटरलाकिंग टाइल्स मार्ग का ऋतु भूषण खडूडी ने किया लोकार्पण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं. 35, त्रिलोकपुर स्थित ग्राम रामदयालपुर में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग का क्षेत्रवासियों के साथ लोकार्पण किया। लगभग 20 वर्षों से क्षेत्रवासी इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे। लंबे इंतजार के बाद इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जंगल से सटे क्षेत्र होने के कारण लंबे समय तक इस मार्ग का निर्माण संभव नहीं हो पाया था, लेकिन निरंतर प्रयासों एवं जनहित के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के चलते आज यह बहुप्रतीक्षित कार्य पूरा हो सका है। उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## क्षेत्रवासियों की 20 वर्षों की मांग हुई पूरी

उन्होंने कहा कि मार्ग निर्माण से ग्राम रामदयालपुर के निवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही सिडकुल ग्रोथ सेंटर आने-जाने वाले कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए भी यह मार्ग अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक सिद्ध होगा। कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में भी वर्षों से लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शशिबाला केष्टवाल, पार्षद राजेंद्र बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद केष्टवाल, कमल नेगी, राजेंद्र जेजेडी, अमिताभ अग्रवाल, भाबर मंडल महामंत्री अभिषेक नेगी, मनीष भट्ट, राजीव डबराल, राकेश नेगी, गिरीश गौड़, अनिल गौड़, पूजा रावत, राखी मेहरा, केशव ममगांई, शुभम गौड़, संग्रामी देवी, गीता देवी एवं रमाला देवी सहित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कमेटियां बूथस्तर पर विशेष अभियान चलायें मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भूमिका निभायें

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने आमजन से मतदान सूची में अपना नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करवाने की अपील की है। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति का जागरूक होना अति आवश्यक है।

## पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में नेगी ने कहा

इस संबंध में पार्टी कार्यालय में एसआईआर के संबंध में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचना चाहिए। यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची में दर्ज नहीं है तो उसे नियमानुसार जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए। कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों, गांवों और बूथों पर मतदाता सूची का गहन परीक्षण करते हुए गलत अथवा अपात्र नामों को चिन्हित कर उन्हें नियमानुसार हटवाना चाहिए। मतदाता सूची की शुद्धता केवल निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक और राजनीतिक कार्यकर्ता का भी दायित्व है। उन्होंने सभी ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटियों से बूथ स्तर पर विशेष अभियान चलाकर मतदाता जागरूकता बढ़ाने और सूची के पुनरीक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी जागरूकता पोस्टर का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, राजेंद्र भंडारी, बृजपाल सिंह, राजीव कपूर, बृजमोहन सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पुलिस ने अभियान चलाकर नशा मुक्ति की शपथ ली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अन्तर्राष्ट्रीय ड्रग दिवस पर 'नशामुक्त भारत पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत पाबौ बाजार में पुलिस ने जन जागरुकता अभियान चलाकर नशा मुक्ति की शपथ ली। पाबौ बाजार चौकी इंचार्ज मुकेश गैरोला व हैंड कांस्टेबल अनुज कुमार ने लोगों को नशे से दूर रहने व नशे के सम्बन्ध में टोल फ्री पर जानकारी के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने आमजन के बीच नशा जागरूकता अभियान के तहत नशीले/मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ होकर नशा मुक्ति की शपथ ली।

# 'ब्रह्माकुमारी' की प्रथम प्रशासिका 'मम्मा' को स्मृति दिवस पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, ऋषिकेश केन्द्र द्वारा ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम एवं मुख्य प्रशासिका, मां जगदम्बा सरस्वती मम्मा के 61वें स्मृति दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राधाकृष्ण बाजपेयी पूर्व प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, वरिष्ठ राजयोगी बी.के. यदुनंदन राय गुप्ता, वाई.आर. गुप्ता, ने संयुक्त रूप से मां जगदम्बा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। केन्द्र प्रभारी बी.के. आरती दीदी ने माँ जगदम्बा सरस्वती के दिव्य प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ब्रह्माकुमारी संस्था की आधारशिला, प्रेरणा स्रोत थीं।



उन्होंने बताया कि माँ जगदम्बा के दो अमूल्य संदेश आज भी ब्रह्माकुमारी परिवार के लिए पथ-प्रदर्शक हैं। राधाकृष्ण बाजपेयी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम माँ जगदम्बा की शिक्षाओं एवं दिव्य विशेषताओं को अपने जीवन में धारण करने का प्रयास करें, तो उनके समान गुणों से युक्त बनना कठिन नहीं है।

वरिष्ठ राजयोगी बी.के. यदुनंदन राय गुप्ता ने कहा कि परमपिता परमात्मा द्वारा प्रदत्त प्रत्येक जिम्मेदारी का निर्वहन कुशलता, धैर्य, निडरता एवं सहनशीलता के साथ करना ही हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में ढालवाला उपकेन्द्र की संचालिका बी.के. निर्मला दीदी ने कविता के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच संचालन बी.के. वंदना बहन द्वारा अत्यंत कुशलतापूर्वक किया गया।

# ग्रेपलिंग ओपन बालक-बालिकाओं के विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** जिला खेल कार्यालय नरेंद्रनगर, टिहरी गढ़वाल एवं खेल निदेशालय उत्तराखंड के सौजन्य से आयोजित ग्रेपलिंग ओपन बालक-बालिका विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन ढालवाला स्थित ऋषिकेश इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुआ। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर ग्रेपलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव नवीन रयाल की देखरेख में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह में अंतराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का भी विकास करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, सकारात्मक सोच एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित भी किया गया। समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत, ग्रैपलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव नवीन रयाल, कोच अनुज गौड़, शिवानी काला, महेश नोटियाल आदि उपस्थित थे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# रोटरी क्लब ऋषिकेश क्लासिक की नई कार्यकारिणी का गठन

## संजय सकलानी अध्यक्ष, विजय रावत सचिव बने

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** रोटरी क्लब ऋषिकेश क्लासिक की एक बैठक रेलवे रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें रो. संजय सकलानी को अध्यक्ष, रो. विजय रावत को सचिव, रो. हिमांशु गुप्ता, को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष संजय सकलानी ने कहा कि क्लब का बनना ये केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि सेवा समर्पण और सामाजिक सरोकारों के नए संकल्प का जीवंत उद्घोष बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लासिक का मूल उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं बल्कि उन लोगों तक पहुंच बनाना है जो संसाधनों में अभाव में जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से जूझ रहे हैं। सचिव विजय रावत ने क्लब की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा रोटरी क्लासिक समाज के उन उभरते सितारों को पहचानने और सम्मानित करने का कार्य करेगा जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी प्रतिभा से नई ऊंचाईयों को छू रहे हैं। कोषाध्यक्ष रो. हिमांशु गुप्ता ने कहा कि क्लब को बने अभी लगभग तीन महीने का समय हुआ है, लेकिन अपने इन तीन महीनों में समाज में तथा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में जरूरतमंदों की सेवा की है और यह प्रयास आगे भी निरंतर बना रहेगा। कार्यक्रम में राकेश अग्रवाल, डॉ. राजे नेगी, माधव अग्रवाल, भूपेंद्र राणा, सौरव वर्मा, संजीव चौधरी, विपिन चौधरी, ललित जोशी, डॉक्टर लवित कुमार, सीए अजय बहुगुणा, सौरभ शर्मा, पंकज अरोड़ा, डॉक्टर नंदलाल कोठारी शगुन शर्मा आदि उपस्थित थे।




रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# यूपी सरकार को बड़ा झटका

## प्रधान नहीं हो सकते प्रशासक- हाईकोर्ट

### हाईकोर्ट ने पूछे तीखे सवाल

**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्राम पंचायतों के खत्म हो रहे कार्यकाल को बढ़ाकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव टालने की सरकारी कवायद को झटका दिया है। कोर्ट ने 13 जुलाई तक सरकार को चुनाव की रूपरेखा पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि असांविधानिक हो चुके नियमों के तहत ग्राम प्रधान प्रशासक की भूमिका नहीं निभा सकते हैं। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से पूछा है कि किन हालातों में अस्तित्वहीन प्रावधानों के तहत ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किया गया है। यह आदेश व टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की एकल पीठ ने सहारनपुर निवासी अरविंद राठौर की याचिका पर दिया है। उधर, सुनवाई के दौरान राज्य चुनाव आयोग के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 10 जून 2026 को मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। आयोग चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। चुनाव प्रक्रिया केवल राज्य सरकार की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण रुकी हुई है। याची ने ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने वाले 25 और 26 मई को जारी शासनादेशों को रद्द कर समयबद्ध चुनाव कराने के लिए याचिका दाखिल की है। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि कार्यकाल खत्म होने के बाद छह माह से ज्यादा चुनाव नहीं टाला जा सकता है। प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने का प्रावधान पहले ही असांविधानिक घोषित हो चुका है। कोर्ट ने याची को ओबीसी कमीशन को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है।











